दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 98 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | गुरुवार , 13 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# दिल्ली ब्लास्ट को सरकार ने आतंकी घटना माना

## आतंकी कनेक्शन में संदिग्ध दूसरी कार फरीदाबाद के पास खड़ी मिली

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने दिल्ली कार ब्लास्ट को आतंकी हमला माना है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लाल किला के पास हुए टेरर अटैक पर प्रस्ताव पारित किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्ताव पढ़ते हुए कहा- मंत्रिमंडल ने इस आतंकी घटना को राष्ट्र-विरोधी ताकतों ने अंजाम दिया गया जघन्य कृत्य बताया। जांच एजेंसियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है। इधर पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। लाल रंग की इस फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का नंबर DLv®-CK-0458 है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम को ही कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया। यह कार डॉ. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है। एफएसएल और हस्त्र की टीम ने कार की जांच की है। स्थानीय लोगों ने कहा- कार मंगलवार से यहां पर थी।






### दो साल से विस्फोट जमा कर रही थी शाहीन

दिल्ली धमाका करने वाले आतंकियों का ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से संचालित हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी। फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन शाहिद ने बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी।

शाहीन और उसके साथियों को मिलाकर एक व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल बनाया गया था। यानी इसमें पेशेवर लोगों को शामिल किया गया था। इसमें शामिल आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे।

### देशभर में रेलवे स्टेशन, मॉल में धमाकों की साजिश थी

दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकियों ने देशभर में 200 बम से 26/11 जैसे हमले करने की साजिश रची थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली के लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर जैसी जगह धमाके किए जाने थे। आतंकियों के टारगेट पर गुरुग्राम और फरीदाबाद के साथ देशभर के रेलवे स्टेशनों और बड़े मॉल्स भी थे। जांच एजेंसियों का कहना है कि वे धार्मिक स्थलों पर हमला कर देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे।

### एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान से स्वदेश लौटने के तुरंत बाद दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में घायलों से मिलने के लिए एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। पीएम मोदी ने घायलों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान अधिकारियों और अस्पताल के डॉक्टरों ने भी उन्हें स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, दिल्ली में हुए बम विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलने एलएनजेपी अस्पताल गया। सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि साजिश रचने वालों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।



## दिल्ली धमाके के बाद मिस्त्र और अर्जेंटीना ने कहा-हम भारत के साथ, आतंकवाद रुकना चाहिए

भारत में मिस्त्र के राजदूत कामेल जायेद गलाल ने दिल्ली धमाके की कड़ी निंदा की है। मिस्त्र के राजदूत ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय तौर पर भी एक ही कानून है। कामेल जायेद गलाल ने कहा, अपने देश मिस्त्र की सरकार और जनता की ओर से हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। यह हमारे समाज के लिए सच्चाई का और नाजुक क्षण है और हमें इस कृत्य को वर्गीकृत करने में सतर्क रहना चाहिए। भारत में मिस्त्र के राजदूत ने आगे कहा, किसी भी आपराधिक मामले को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। हम इसका समर्थन करते हैं। मुझे लगता है कि यही बात अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय कानून पर भी लागू होती है। वहीं भारत और मिस्त्र के बीच संबंध को लेकर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को क्रियान्वित करने के लिए दोनों विदेश मंत्रियों ने एक संपूर्ण रोडमैप पर सहमति व्यक्त की है। दूसरी तरफ लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट पर भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउसिनो ने कहा, हमें नहीं पता कि यह आतंकवादी हमला था या नहीं। आज सुबह तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं थी, लेकिन निश्चित रूप से अगर यह पुष्टि हो जाती है कि आतंकवादी हमला हुआ है तो अर्जेंटीना भारत का समर्थन करेगा, जैसा कि हमने इस साल अप्रैल में किया था जब कश्मीर में आतंकवादी हमला हुआ था।

## मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली



पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। दिल्ली लाल किला धमाके के बाद मोदी ने यह बैठक ली है। ऑपरेशन सिंदूर के पहले भी मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली थी। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। बैठक में दिल्ली लाल किला धमाके को लेकर बात हुई। मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक की थी। इसके पहले पीएम मोदी बुधवार को भूटान यात्रा से लौटते ही एयरपोर्ट से सीधे एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अस्पताल में लाल किला धमाके में घायल लोगों से मुलाकात कर हालचाल जाने।

## कंगना पर राजद्रोह का केस चलेगा

### एक्ट्रेस बोली थीं- किसान आंदोलन में रेप-मर्डर हुए; आगरा कोर्ट में चलेगी सुनवाई

**आगरा।** आगरा में कंगना रनोट के खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस चलेगा। स्पेशल जज MP-MLA लोकेश कुमार की कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने कंगना के खिलाफ दायर रिवीजन याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने कहा- जिस निचली अदालत ने कंगना के केस को खारिज किया था, अब उसी कोर्ट में सुनवाई होगी। इससे पहले 10 नवंबर (सोमवार) को कोर्ट कंगना के वकीलों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कंगना के खिलाफ बीएनएस की धारा- 356 और 152 में केस चलेगा। कंगना हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद हैं। उनके खिलाफ किसानों के अपमान और राजद्रोह का केस दायर है। उन पर राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज करने की मांग की गई थी। कंगना आज तक कोर्ट में पेश नहीं हुई हैं। उनको 6 समन जारी हो चुके हैं।

दरअसल, वकील रमाशंकर शर्मा ने 11 सितंबर, 2024 को कंगना रनोट के खिलाफ कोर्ट में राजद्रोह का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया था कि कंगना ने 26 अगस्त, 2024 को एक इंटरव्यू में किसानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। इससे लाखों किसानों की भावनाओं को ठेस पहुंची।

**दिल्ली-एनसीआर में पॉल्यूशन**

## सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा से रिपोर्ट मांगी

### पूछा- पराली जलाने से रोकने का क्या किया; जीआरएपी-3 लागू लेकिन कोर्ट के बाहर खुदाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक के खतरनाक स्तर पर पहुंचने और पॉल्यूशन मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से रिपोर्ट मांगी है कि पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। सीनियर एडवोकेट गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि इस समय ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज लागू है, जबकि जीआरएपी-4 लागू किया जाना चाहिए क्योंकि कुछ जगहों पर एक्यूआई 450 से ऊपर चला गया है। उन्होंने कहा- जीआरएपी-3 लागू है लेकिन कोर्ट के बाहर भी खुदाई का काम हो रहा है, कम से कम अदालत परिसर में तो यह नहीं होना चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा कि निर्माण गतिविधियों के संबंध में कार्रवाई की जाएगी। वहीं न्यायमित्र और सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने नासा की उपग्रह तस्वीरों का हवाला देते हुए कहा कि कहा कि पंजाब और हरियाणा में बड़े पैमाने पर पराली जलाना शुरू हो गया है, जिससे दिल्ली-एनसीआर की हवा जहरीली हो रही है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि वे मामले में अगली सुनवाई 17 नवम्बर को करेंगे।

## आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत पहुंचे जयपुर

### 16 तक जयपुर में ही रहेंगे, स्वयंसेवकों के अलग-अलग समूहों की लेंगे बैठकें

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत बुधवार शाम जयपुर पहुंच गए हैं। भागवत मुंबई से इंडिगो की फ्लाइट से जयपुर पहुंचे हैं। वह एयरपोर्ट से सीधे भारती भवन गए। यहीं पर वे रात्रि विश्राम करेंगे। भागवत संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में 13 से 16 नवंबर तक राजस्थान के प्रवास पर रहेंगे। अपने चार दिवसीय प्रवास के दौरान वे जयपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और संघ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। गुरुवार को भागवत भारती भवन में ही संघ से जुड़े वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे।

वहीं, शाम को उनका कांस्टीट्यूशन क्लब में भी एक कार्यक्रम होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया- अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. भागवत शनिवार को शाम साढ़े 5 बजे एसएमएस इंडोर स्टेडियम, जयपुर में एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान की ओर से वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं एकात्मक मानव दर्शन विषय पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करेंगे।

## सीजेआई गवई पर जूता उछालने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सुझाव दें : सुप्रीम कोर्ट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अटार्नी जनरल और शीर्ष अदालत की बार एसोसिएशन से कहा कि वे अदालत परिसर में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई पर जूता उछालने के प्रयास जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुझाव दें। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि न्यायालय को जो भी करने की जरूरत होगी, उस पर विचार करेगा।

पीठ ने प्रधान न्यायाधीश की तरफ जूता उछालने का प्रयास करने वाले वकील राकेश किशोर (71) के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने में अनिच्छा दिखाई थी।

## पीएम मोदी ने कालचक्र अभिषेक समारोह का किया उद्घाटन, खुद को बताया सौभाग्यशाली

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय भूटान दौरे के दूसरे दिन, बुधवार को कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खुद को सौभाग्यशाली बताया।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उद्घाटन कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में पीएम मोदी भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, चतुर्थ नरेश के साथ नजर आए। उन्होंने लिखा, भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और महामहिम चतुर्थ नरेश के साथ कालचक्र 'समय का चक्र' अभिषेक का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता परम पावन जे खेंपो ने की, जिसने इसे और भी विशेष बना दिया।

उन्होंने लिखा, यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जिसका सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। कालचक्र अभिषेक चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है, जिसने बौद्ध धर्म के भक्तों और विद्वानों को भूटान में एक साथ लाया है। इससे पहले पीएम मोदी ने थिम्पू में भूटान के चौथे नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात की थी। उन्होंने मुलाकात की तस्वीर 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया, महामहिम चतुर्थ नरेश के साथ एक अच्छी बैठक हुई।




### भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा यह संदेश

भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन और आशीर्वाद दिया, जो आज चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के एक भाग के रूप में शुरू हुआ।

**पीएम मोदी ने भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने के लिए व्यापक प्रयासों की सराहना की-** भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी में सहयोग पर चर्चा हुई। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना की प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। 11 नवंबर, 1955 को जन्मे जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने भूटान के चौथे नरेश के रूप में कार्य किया। उनका शासनकाल 1972 से 2006 तक चला और उन्हें भूटान के सबसे दूरदर्शी और प्रिय राजाओं में से एक माना जाता है। उनके नेतृत्व में, भूटान का आधुनिकीकरण हुआ, राष्ट्रीय एकता मजबूत हुई और एक अद्वितीय सुख-आधारित दर्शन अपनाया गया जिसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली।



## सम्पादकीय

# समग्र उपायों की अनदेखी, वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर पंजाब और हरियाणा से पराली जलाने को लेकर की गई कार्रवाई संबंधी जो रिपोर्ट मांगी, उससे कुछ हासिल होने की उम्मीद कम ही है। इसलिए कम है, क्योंकि एक तो इन दोनों राज्यों में पराली करीब-करीब जलाई जा चुकी है और दूसरे वायु प्रदूषण का एक मात्र कारण पराली दहन नहीं है। विभिन्न अध्ययन यह रेखांकित कर चुके हैं कि वायु प्रदूषण के कारणों में पराली दहन के अतिरिक्त वाहनों का उत्सर्जन और सडक़ों एवं निर्माण स्थलों से उडऩे वाली धूल है। निःसंदेह पराली दहन को रोका ही जाना चाहिए, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि ट्रैफिक जाम के कारण वाहनों से अतिरिक्त विषाक्त उत्सर्जन न हो सके और सडक़ों एवं निर्माण स्थलों से धूल के गुबार न उडऩे पाएं। वायु प्रदूषण में वाहन उत्सर्जन और धूल का योगदान पराली से भी अधिक है। बरसात में तो सडक़ों एवं निर्माण स्थलों से धूल उडऩी कम हो जाती है, लेकिन वाहन उत्सर्जन बढ़ाने वाला ट्रैफिक जाम वर्ष भर की समस्या है। इसी कारण उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में सर्दियों के अलावा भी वायु की गुणवत्ता का स्तर खराब बना रहता है। समस्या यह है कि हवा की गुणवत्ता में तनिक सुधार आते ही प्रदूषण रोधी एजेंसियों के साथ सरकारों और सुप्रीम कोर्ट के लिए वायु प्रदूषण कोई समस्या नहीं रह जाता। इसी रवैये के कारण दशकों बाद भी वायु प्रदूषण से छुटकारा नहीं मिल रहा है। कम से कम सुप्रीम कोर्ट को तो यह समझना होगा कि वायु प्रदूषण से मुक्ति तब मिलेगी, जब उससे निपटने के उपाय वर्ष भर किए जाएंगे और प्रदूषण बढ़ाने वाले सभी कारणों के निवारण पर जोर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट को दिल्ली-एनसीआर के साथ शेष देश के पर्यावरण की भी चिंता करनी होगी। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हवा तब भी जहरीली होती रहती है, जब पराली जलना बंद हो जाती है? यह रवैया ठीक नहीं कि सर्दियों के आगमन पर पराली जलने की चिंता की जाए और दीवाली पर पटाखों के इस्तेमाल की। इस रवैये में सुधार के साथ यह भी समझा जाना चाहिए कि जब प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है, तब उससे निपटने के लिए किए जाने वाले फौरी उपाय अपर्याप्त ही सिद्ध होते हैं। इसी कारण हवा की गुणवत्ता की सही स्थिति को छिपाया जाता है। उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सभी कारणों के निवारण वाले उपायों पर ध्यान दे और सरकारों को इसके लिए बाध्य करे कि वे संबंधित एजेंसियों को जवाबदेह बनाएं। उन्हें न केवल यह सुनिश्चित करना होगा कि सडक़ों एवं निर्माण स्थलों से धूल न उडऩे पाए, बल्कि यह भी कि यातायात सुगम बना रहे, ताकि वाहन रेंगने के लिए बाध्य न हों।



## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 13 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1898 - काली पूजा के अवसर पर पूज्य माता श्री शारदा देवी ने निवेदिता के विद्यालय का उद्घाटन किया।
- 1918 - ऑस्ट्रिया गणराज्य बना।
- 1950 - तिब्बत ने चीनी आक्रमण के ख़िलाफ़ संयुक्त राष्ट्र में अपील की।
- 1968 - पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो को गिरफ्तार किया गया।
- 1971 - अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा द्वारा भेजा गया यान मरीनर 9 मंगल ग्रह की कक्षा में पहुँचा।
- अमेरिकी विमान मैरिनर-9 ने मंगल ग्रह का चक्कर लगाया।
- 1975 विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एशिया के चेचक मुक्त होने की घोषणा की।
- 1985 - पूर्वी कोलंबिया में ज्वालामुखी फटने के कारण करीब 23,000 लोग मारे गए थे।
- 1997 - सुरक्षा परिषद ने इराक पर यात्रा प्रतिबंध लगाया।
- 1998 - चीन के विरोध के बावजूद दलाई लामा और अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने मुलाकात की।
- 2004 - अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने फ़िलिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण के लिए चार साल का समय निर्धारित किया।
- 2005 - आतंकवाद के सफाये और दक्षिण कोरिया को विकसित आर्थिक विश्व के मानचित्र में शामिल करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने के भारत के आह्वान पर सहमति के साथ दक्षेस का 13वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न। दक्षेस का 14वाँ शिखर सम्मेलन भारत में करने का निर्णय।
- 2007 - कॉमनवेल्थ ने देश में आपात काल हटाने के लिए पाकिस्तान को 10 दिनों का समय दिया। आस्ट्रेलिया में आयोजित एशिया पैसिफिक़ स्क्रीन अवार्ड में भारतीय फ़िल्म 'गांधी माई फ़ादर' को सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार मिला।
- 2008- 'असम गण परिषद' राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुई।
- 2009 - झारखण्ड में नक्सलियों ने निवर्तमान विधायक रामचन्द्र सिंह सहित सात लोगो का अपरहण कर लिया है।

## विशेष आलेख

# शिक्षा, संवाद और सामाजिक न्याय से ही आतंकवाद का खात्मा संभव



सुनील कुमार महला

आतंकवादी और आतंकवाद किसी भी देश व समाज के लिए नासूर हैं। वास्तव में ये देश और समाज में शांति, विकास और मानवता के दुश्मन हैं।इनकी वजह से निर्दोष लोग जान गंवाते हैं, और समाज भय, अविश्वास व विनाश की ओर बढ़ता है। इस क्रम में, (जैसा कि मीडिया में आया है) दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट की प्रारंभिक जांच में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े श्रीनगर-पुलवामा फरीदाबाद मॉड्यूल का हाथ सामने आया है।जानकारी के अनुसार विस्फोट में मरने वालों की संख्या 12 हो गई है वहीं इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को सौंप दी गई है।तब तक आम आदमी को यह चाहिए कि वह अपनी सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों पर विश्वास रखते हुए एकता को बनाए रखे और किसी भी हाल और परिस्थितियों में धैर्य और संयम न खोये।सुरक्षा एजेंसियों की अब तक की तहकीकात में यह बात पता चली है कि आतंकियों की सीरियल धमाकों की बड़ी योजना थी, लेकिन 10 नवंबर 2025 (सोमवार) को दिन में आतंकी साजिश का खुलासा होने के बाद कार्रवाई से घबराकर मॉड्यूल से जुड़े आतंकी डॉ. उमर मोहम्मद नबी ने कार में विस्फोट कर दिया और मारा गया।दिल्ली विस्फोट मामले में अब तक लखनऊ की एक महिला डॉक्टर सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।हाल फिलहाल, इस विस्फोट(दिल्ली ब्लास्ट) की घटना के संदर्भ में भूटान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और इस संबंध में सख्त कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। पीएम मोदी ने यह बात कही है कि यह घटना बेहद दर्दनाक है और पूरे देश का दिल दहला देने वाली है। उन्होंने बताया कि वे पूरी रात सुरक्षा एजेंसियों के साथ लगातार बैठकें करते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं भूटान भारी मन से आया हूं। दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को व्यथित किया है। पूरा देश पीडि़त परिवारों के साथ खड़ा है। एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी और किसी भी साजिशकर्ता को बख्शा नहीं जाएगा। मोदी ने अंग्रेजी में भी दोहराया-'आल दोज रेस्पोन्सिबल विल बी ब्रोट टू जस्टिस।' प्रधानमंत्री ही नहीं, स्वयं गृह मंत्री अमित शाह ने 11 नवंबर को (मंगलवार को) दो बार उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मामले की तह तक जाकर दोषियों को ढूंढने और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जानकारी अनुसार बैठक में गृह सचिव, एनआइए, आइबी तथा दिल्ली व जम्मू-कश्मीर के पुलिस प्रमुख शामिल रहे और बैठक के बाद मामले की जांच एनआइए को दी गई है।बहरहाल, सुरक्षा बलों द्वारा विस्फोट की इस घटना के संदर्भ में अनेक स्थानों पर छापेमारी की जा रही है और तकनीकी व इलेक्ट्रोनिक माध्यमों को खंगालकर आतंकियों के संपर्कों के बारे में पता लगाया जा रहा है। सरकारी सूत्रों का यह दावा है कि आतंकी मॉड्यूल पर सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई से घबरा कर आतंकियों ने बिना तैयारी के इस घटना को अंजाम दिया, अन्यथा सीरियल ब्लास्ट जैसे बड़े हमले किए जा सकते थे। जांच एजेंसी के सूत्रों के हवाले से यह बात सामने आई है कि प्राथमिक तहकीकात में यह फिदायीन हमला( जिसमें अपराधी जानबूझकर अपनी जान ले लेते हैं। वास्तव में ये हमले हत्या-आत्महत्या का एक रूप हैं, जो अक्सर आतंकवाद या युद्ध से जुड़े होते हैं) नहीं लगता, बल्कि हड़बड़ी व घबराहट में किया गया विस्फोट है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि फिदायीन सामान्यतः किसी वाहन या अवरोध से टकराकर विस्फोट करते हैं, जबकि दिल्ली में यह हमला लाल बत्ती पर धीमी गति से चल रही कार में हुआ। मीडिया से उपलब्ध जानकारी के अनुसार कार में रखा बम पूरी तरह तैयार नहीं था, वरना बड़ी संख्या में लोगों की जान जा सकती थी। बम में न पर्याप्त डेटोनेशन मैकेनिज्म हीं था और न ही उसमें छर्रे ही डाले गए थे, जानकारों के अनुसार इससे विस्फोट का प्रभाव सीमित रहा और कोई गड्?ढ़ा भी नहीं हुआ। इससे संकेत मिलता है कि या तो योजना अधूरी थी या फिर संदिग्ध खुद को बचाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान यह धमाका हो गया।हाल फिलहाल धमाके को लेकर खुलासे पर खुलासे हो रहे हैं। कोई कुछ तो कोई कुछ कह रहे हैं। अनेक चीज़ें सामने आ रही हैं और धीरे-धीरे सब हकीकत भी सामने आ जाएगी कि किसके इशारे पर यह साजिश रची गई और इसमें मुख्य साजिशकर्ता कौन-कौन हैं ?एजेंसियों के मुताबिक विस्फोट में संभवतः एएनएफओ बम का इस्तेमाल किया गया था। अमोनियम नाइट्रेट (एएन), ईंधन तेल (एफओ) और डेटोनेटर के जरिए यह विस्फोट किया जाता है। वास्तव में, यह सामने आया है कि पिछले कुछ समय से आतंकी आरडीएक्स के बजाय इस तरह के बम का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो सस्ता है व आसानी से बनाया जा सकता है। हालांकि ,इस संदर्भ में पुख्ता जानकारी एफएसएल रिपोर्ट के बाद मिलेगी। दिल्ली में लाल किला के पास हुए विस्फोट के संदर्भ में एक्सपर्ट ओपिनियन सामने आया है कि यह सब एक दिन में नहीं हुआ है, बल्कि इसके पीछे साजिशकर्ताओं की महीनों की तैयारी है। विस्फोट के क्रम में जम्मू कश्मीर के एक पूर्व डीजीपी ने यह बात कही है कि, 'इस ब्लास्ट के पीछे फरीदाबाद में पकड़ा गया मॉड्यूल ही है। इनका प्लान बेहद विध्वंसक था। समय रहते इसका पर्दाफाश नहीं होता, तो बड़ा नुकसान हो सकता था। इतना साफ है कि यह साजिश एक दिन में नहीं रची गई, बल्कि इसे महीनों और सालों में अंजाम दिया गया। सारी साजिश पाकिस्तान से रची गई है, इसलिए पाकिस्तानी सेना और आइएसआइ को जब तक सबक नहीं सिखाया जाएगा, तब तक ये मसला सुलझेगा नहीं।' पूर्व डीजीपी ने कहा है कि-'अब आतंकी संगठन नए हथकंडे अपना रहे हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, पीएचडी स्कॉलर को आतंकी संगठन में जोड़ा जा रहा है, जो इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि ये हमारे बीच के ही लोग हैं। जो देश के पैसों से डॉक्टर बनता है, वही देश के नागरिकों को मारने पर उत्तारू हो जाए तो सोचिए, यह किस तरह का कट्टरपंथ पनप रहा है। सरकार पता लगाए कि देश में ऐसे कितने टेरर मॉड्यूल हैं। इनको फंडिंग कौन कर रहा है ?' पूर्व डीजीपी के सभी प्रश्न जायज हैं, क्यों कि जब आम आदमी के बीच के लोग ही यानी कि जब बाड़ ही खेत को खाने लगे तो उस खेत में क्या बच सकता है ? वास्तव में सच तो यह है कि आतंक और आतंकी विचारधारा का नासूर केवल हथियारों से नहीं, बल्कि शिक्षा, संवाद और सामाजिक न्याय से ही खत्म हो सकता है।

# अन्नदाता के सम्मान में 'डबल इंजन' सरकार का किसान-कल्याण संकल्प



डॉ नयन प्रकाश गांधी

*यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि लाखों किसान परिवारों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। मुख्य योजनाओं के माध्यम से आर्थिक संबल हेतु सरकार ने किसानों को विभिन्न मोर्चों पर राहत पहुँचाने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है।*

देश की अर्थव्यवस्था का आधार किसान है, और जब किसान सशक्त होता है, तभी राष्ट्र समृद्ध होता है। हाल ही में, केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि के लिए 1,24,000 करोड़ रुपये' की अभूतपूर्व वित्तीय सहायता का संकल्प लिया है, जो ग्रामीण भारत के उत्थान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि लाखों किसान परिवारों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास है। मुख्य योजनाओं के माध्यम से आर्थिक संबल हेतु सरकार ने किसानों को विभिन्न मोर्चों पर राहत पहुँचाने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना- प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए, '76.18 लाख किसानों को लाभान्वित किया गया है, जिसमें 5,965 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम वितरित किया गया है। यह योजना किसानों को अनिश्चित मौसम के जोखिम से मुक्ति दिलाती है। किसानों को बिजली बिलों में राहत- किसानों की सबसे बड़ी



चिंता, बिजली के बिल, को कम करने के लिए 1.78 लाख से अधिक कृषि कनेक्शनों को 2,637 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। साथ ही, 20.35 लाख नए पंजीकृत किसानों को भी लाभ मिला है। फसल बीमा प्रीमियम अनुदान (खरीफ 2025)- 25 जिलों के 14.68 लाख किसानों के लिए प्रीमियम अनुदान में 1,947 करोड़ रुपये का हस्तांतरण किया गया है, जिससे किसानों पर वित्तीय बोझ कम हुआ है।

**आधुनिकता और संरचना पर ज़ोर** सरकार केवल तात्कालिक राहत नहीं, बल्कि कृषि के आधुनिकीकरण और बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने पर भी ध्यान दे रही है- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (सूक्ष्म सिंचाई)- पर ड्रॉप, मोर क्रॉप (प्रति बूँद अधिक फसल) के लक्ष्य को साकार करते हुए, 58,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फव्वारा और बूँद-बूँद सिंचाई (ड्रिप और स्प्रिंकलर) के लिए 967 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। इससे 2.13 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं, जो जल संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है। कृषि उपकरण कॉम्पोनेंट - बीः कृषि कार्यों को आसान बनाने के लिए, 50,090 सोलर पंप की स्थापना हेतु 733 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है, जो किसानों को ऊर्जा के लिए आत्मनिर्भर बनाएगा।

**वित्तीय सहायता और सामाजिक सुरक्षा**

किसानों को आसानी से और सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं- सहकारी बैंकों से ब्याज मुक्त ऋण- 5 लाख किसानों को 8,191 करोड़ रुपये' के ब्याज मुक्त ऋण वितरित किए गए हैं।

## लघुकथा
बढ़ता राजस्थान

### संबंधी



एक धनी के मकान में आग लग गयी। घरवाले किसी तरह जरूरी सामान के साथ अपने प्राण लेकर जब बाहर आये तब पता चला कि एक बालक अभी घर में ही रह गया है। तब तक आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया था इसलिए किसी को सूझ न पड़ा कि बच्चे को कैसे बचाया जाए। तभी बहन ने रोते हुए कहा--जो कोई मेरे भाई को बचा लाएगा, उसे एक हजार रुपया इनाम दिया जाएगा। जब भीड़ में से कोई न हिला तब बड़े भाई ने रोते-रोते कहा जो कोई मेरे भाई को बचा लायगा, उसे पाँच हजार इनाम दिया जाएगा। इस पर भी जब भीड़ में कोई हलचल न हुई तो बहुत घबराकर पिता ने कहा जो कोई मेरे बेटे को बचा लायगा, उसे दस हजार रुपया इनाम दिया जाएगा। इसी बीच एक बुढिया आग की लपटों को चीर कर मकान के मीतर जा चुकी थी। पिता की बात खत्म होते होते वह बालक को लिये दरवाजे से बाहर आयी। आग की लपटों में वह इस तरह झुलस गयीं थी कि द्वार के बाहर आते ही चक्कर खाकर गिर पड़ी। बालक उसकी पीठ पर बंधा होने से सुरक्षित रहा।भीड़ के लोगों में से कुछ ने बुढिया के साहस की प्रशंसा की और कुछ ने कहा इनाम के लालच में बुढिया ने अपने प्राण दे दिये। तभी पता चला कि वह उस बालक की धाय थी जिसने माता के मरने पर उसे कुछ दिन दूध पिलाया था।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# प्रेग्नेंट महिला और होने वाले बच्चे के लिए कितना खतरनाक है दिल्ली का प्रदूषण? जानें बचाव के उपाय

दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों सांस लेना मुश्किल हो गया है। आसमान धुंध और धुंए की चादर से ढका है और एयर क्वालिटी इंडेक्स कई जगहों पर गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है। इस लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण का असर हर किसी पर पड़ रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा खतरा गर्भवती महिलाओं और उनके होने वाले बच्चे को है। हाल ही में, आईआईटी दिल्ली समेत कई प्रमुख शोध संस्थानों द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन में यह सामने आया है कि गर्भावस्था के दौरान हवा में सूक्ष्म कण (पीएम 2.5) और जहरीली गैसों का स्तर बढऩे से प्रीमैच्योर डिलीवरी और कम वजन के साथ पैदा होने की संभावना में काफी वृद्धि होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, जब कोई गर्भवती महिला प्रदूषित हवा में सांस लेती है, तो ये सूक्ष्म कण फेफड़ों के जरिए खून में घुल जाते हैं और प्लेसेंटा तक पहुंच जाते हैं। कई बार बच्चे के शरीर में भी प्रवेश कर जाते हैं, जिससे भ्रूण की ग्रोथ पर सीधा असर पड़ता है।

**गर्भवती महिला पर प्रदूषण का प्रभाव सांस और दिल से जुड़ी समस्याएं :** प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण, धुआं और गैसें जैसे नाइट्रोजन डाइऑक्साइड गर्भवती महिलाओं के लिए हानिकारक हैं। इससे अस्थमा, सांस की तकलीफ, हाई ब्लड प्रेशर और प्रीक्लेम्पसिया (गर्भावस्था में होने वाला हाई बीपी) जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**गर्भवती महिलाएं खुद और अपने बच्चे को कैसे सुरक्षित रखें ?:** यदि आवश्यक न हो, तो घर से बाहर न निकलें। खासतौर पर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे के बीच।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं, तो उसके लिए भी दिन बेहतर रहने वाला है। आपको कोई प्रॉपर्टी खरीदने की इच्छा पूरी होगी।

### वृष
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके अपने बॉस से छोटी-छोटी बातों को लेकर न उलझें। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा, जिससे कोई गड़बड़ी भी होने की संभावना है।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई काम करने के लिए रहेगा। आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको अपने आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलना होगा, क्योंकि आपके खर्च बेतहाशा रहेंगे, लेकिन इनकम में कमी होगी, जो बाद में आपकी मुश्किलें को बढ़ाएगी।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमानों का आगमन हो सकता है। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं, तो

### कन्या
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको अच्छा मान-सम्मान मिलेगा। आपकी कोई बात बनते-बनते बिगड़ सकती है।

### तुला
आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल हो सकती हैं। आपको कहीं बाहर से नौकरी का कोई ऑफर आ सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए कर्जो से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको कामों पर विशेष ध्यान देना होगा और अपने बॉस की बातों पर आप पूरा भरोसा करें। आपका अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर लड़ाई झगड़ा बढ़ सकता हैं।

### धनु
आज का दिन आपके अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। संतान के भविष्य को लेकर आपको कोई चिंता हो सकती हैं। मित्रों का आज आपको पूरा सहयोग मिलेगा। पिताजी के स्वास्थ्य में गिरावट आने से भागदौड़ बनी रहेगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य से आपकी कहासुनी होने की संभावना है।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। संतान के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आध्यात्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी।

### मीन
आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको अपने गुप्त शत्रुओं से भी सावधान रहना होगा। आपके बॉस किसी बनते काम को बिगाडऩे की कोशिश करेंगे।

## सैनी टोंक जिला समन्वयक पद पर मनोनीत'

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** अन्नपूर्णा टोंक नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ़ द भारत ने शंकर लाल सैनी को जिला समन्वयक टोंक पद पर मनोनीत किया गया। डॉ. ललित नारायण आमेटा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ़ द भारत के अनुसार डिजिटल मंच की कार्यकारी विस्तार में शंकर लाल सैनी वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत निवासी अन्नपूर्णा टोंक को जिला समन्वयक पद टोंक पर मनोनीत कर डिजिटल मंच के सरकारी योजनाओं आमजनता साझा किया जाएगा। नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ़ द भारत डिजिटल मंच के माध्यम से शंकर लाल सैनी टोंक जिले में ब्लॉक समन्वयक कार्य कार्यकारणी गठित कर डिजिटल माध्यम योगदान दिया जाएगा।

## आचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ का जैन नसिया में मंगल प्रवेश



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** परम पूज्य आचार्य श्री वर्धमान साग महाराज का पुरानी टोंक में पंचकल्याण महोत्सव समापन के पश्चात आचार्य ससंघ का विहार करते हुए बैंड बाजे के साथ घंटाघर, सुभाष बाजार, बड़ा हुआ होते हुए जैन नसिया में मंगल प्रवेश हुआ।

समाज के प्रवक्ता पवन कंटान एवं विकास जागीरदार ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में जैन नसिया में बुधवार प्रातःकाल अभिषेक शांतिधारा के पश्चातआचार्य श्री की पूजा आचार्य श्री के प्रवचन के बाद आहार चर्या सम्पन्न होगी। दोपहर में 1 बजे यागमंडल विधान का आयोजन किया जाएगा 14 नवंबर को आचार्य शांतिसागर महाराज की प्रतिमा को नवीन वेदी पर विराजमान कि जाएगी।

## नौनिहालों को निमोनिया से बचाएगा सांस अभियान, 28 फरवरी तक चलेगा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का एक अहम कारण है। निमोनिया से शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए टोंक जिले सहित प्रदेशभर में 12 नवंबर से 28 फरवरी तक सांस अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह चैधरी ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि आशा-एएनएम के माध्यम से बीमार बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए डोर-टू-डोर सर्वे एवं उनके इलाज के लिए रैफरल व्यवस्थाएं एवं समुचित उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। सांस अभियान के तहत निमोनिया नहीं तो बचपन सही थीम पर गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

हेल्थ वैलनेस सेंटर, चिकित्सा संस्थाओं तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आईईसी के माध्यम से आमजन को निमोनिया के प्रति जागरूक किया जाएगा। आशा सहयोगिनियों तथा एएनएम बच्चों में निमोनिया की पहचान कर समुचित उपचार के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि निमोनिया से बचाव के लिए पीसीवी वैक्सीन की तीन खुराक 6 सप्ताह, 14 सप्ताह एवं 9 माह की उम्र पर अवश्य लगवाए। यह वैक्सीन सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में निःशुल्क लगाई जाती है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन कैरी बैग किये जप्त



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** नगर परिषद टोंक द्वारा आयुक्त धर्मपाल जाट के निर्देशानुसार बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन कैरीबैग एवं अतिक्रमण की जप्ती का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का परिषद क्षैत्र के समस्त इलाके में कार्यवाही की गई है। इस दौरान 200 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन कैरी बैग जप्त की गई, इसके साथ ही फुटपाथ, सर्किल एवं चौराहों से अतिक्रमण हटाने एवं सामान जप्ती की कार्यवाही की गई। कपड़े के थैले तथा कागज के पैकेट उपयोग करने वाले दुकानदारों को सराहा गया एवं अन्य व्यापारियों से भी पॉलीथीन कैरी बैग का उपयोग न करने की समझाईश की गई। कपड़े के थैले एवं कागज के पैकेट को प्रात्साहित किया जाने की अपील की गई। कार्यवाही में राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग, मुकेश गर्ग, कमलेश मीणा, मुकेश मीणा, मो.आदिल, महेन्द्र धामुनिया आदि मौजूद थे।

## नया अध्यायः पालीघाट में 30 घड़ियाल हैचलिंग्स का प्राकृतिक आवास में

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य रेंज, पालीघाट में घडियाल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में गुरूवार को 30 घडियाल हैचलिंग्स को प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

यह कार्य घडियाल रेयरिंग फास्ट ट्रैक-हेड स्टार्टिंग कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। वह पांच माह के इन घडियालों को चम्बल नदी के पालीघाट नेस्टिंग साइट पर प्राकृतिक वातावरण में छोडेंगे। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, राजस्थान सरकार जयपुर सुश्री शिखा मेहरा, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) राजेश गुप्ता, तथा जिला कलक्टर सवाई माधोपुर काना राम भी उपस्थित रहेंगे।

**बड़े वाहनों की लाइट से दुपहिया वाहन चालकों की आंखों के आगे छा जाता है अंधेरा**

# वाहनों पर चायना की सफेद एलइडी के चलन से बढ़ा हादसों का अंदेशा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चार पहिया व दुपहिया वाहनों पर लगी तेज रोशनी वाली सफेद चायना की एलइडी लाइट दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा रही है। नाही ही अब हैड़ लाईटों पर काली पट्टी लगाई जा रही है। बड़े वाहनों पर लगी इन लाइटों से दुपहिया वाहन चालकों की आंखों के आगे कुछ देर के लिए अंधेरा छा जाता है और कई बार वाहन असंतुलित होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे वाहनों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

बड़े वाहनों पर लगी चकाचौंध रोशनी वाली एलइडी लाइटों से आंखों पर सीधा दबाव पड़ता है। रात में रफ्तार से दौड़ते ट्रक, ट्रेलर, बसों और जीपों पर लगी यह लाइटें खतरनाक रोशनी बिखेरती है। जिससे सामने से आने वाले दुपहिया वाहन चालकों या छोटे वाहन कुछ सैंकड के लिए दिखाई देना बंद हो जाता है। यही वह समय होता है, जब वाहन असंतुलित होकर बड़े वाहनों की चपेट में आ जाते हैं और दुर्घटना घटित हो जाती है। नियमों के अनुसार ऐसी लाइटें नहीं लगाई जा सकती। परिवहन विभाग का नियम हैं कि किसी भी वाहन में अतिरिक्त या अत्यधिक चमकने वाली एलइडी लाइट लगाना पूरी तरह गैर कानूनी है।

समाजसेवी रामबाबू शर्मा का कहना है कि तेज रोशनी के कारण सामने की वस्तु ज्यादा चमकदार दिखती है। जबकि आसपास का क्षेत्र अंधकारमय हो जाता है। इससे गहराई और दूरी का अंदाज लगा पाना मुश्किल होता है। यह स्थिति खासकर दुपहिया वाहन चालकों और राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो रही है।

शहर के एक नागरिक आशीष शर्मा ने बताया कि रात में ड्राइविंग के दौरान तेज हेडलाइट्स से हादसे का जोखिम बढ़ता है। एलइडी हेडलाइट्स से तेज रोशनी होती है, इससे सामने की वस्तु पहचानना मुश्किल होता है। इसे कॉन्ट्रास्ट सेंसेटिविटी कहते हैं। इससे चालक जरूरी चीजें देख नहीं पाता और दुर्घटना होने की पूरी आशंका बनी रहती है। तेज रोशनी से रेटिना के न्यूरॉन्स ओवरलोड हो जाते हैं।

### अब बाइक पर चायना लाइट-

अब दुपहिया वाहन चालकों के द्वारा अपने वाहन पर ज्यादा रोशनी बढ़ाने व आकर्षक लाइट लगाने को लेकर चायना की एलइडी लाइट लगा रहे है। यह लाइट सामने से आ रहे वाहन चालकों को आंखों पर तेज रोशनी पडने के कारण वह अपनी सुंधबुध खो जाते है। जिससे उनकी बाइक साइड गड्ढें मे उतर जाती है या अन्य वाहन से टक्करा जाती है।

### पहले हैडलाइट पुतवाती थी अब बनाती है चालान

एक समय पुलिस ने शहर में चौराहे पर खड़े होकर जिन्ह वाहनों की हैड़ लाइट के उपर काली पट्टी लगी नहीं रहती थी। उनको मौके पर ही खड़े पेंटर से पुतवाया जाता था। अब पुलिस के द्वारा कागज कि पुछताछ की जाती है। नहीं तो चालान बनाया जाता है।

### यह है नियम

परिवहन विभाग के नियमानुसार किसी भी वाहन में कंपनी की ओर से लगाई गई मानक हेडलाइट से अधिक रोशनी देने वाली लाइट लगाना दंडनीय अपराध है। फिर भी सडक़ों पर बिना नंबर की एलइडी पट्टियां, सफेद हेडलाइट्स और ऊंचाई पर लगाई गई लाइटें नजर आती हैं।

## दूसरे जिलों और राज्यों में भेजी जा रही बजरी, दिन में भरते हैं, रात में होता अवैध परिवहन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में बौंली थाना क्षेत्र में इन दिनों रात्रि के अंधेरे में बजरी की अवैध खनन और परिवहन का सिलसिला तेजी से चल रहा है। पुलिस की ओर से नाके लगाए जाने के बावजूद बजरी से भरे वाहन थाने के सामने से गुजरते हुए खुलेआम परिवहन कर रहे हैं। रात होते ही बौंली से बनास नदी की ओर जाने वाली सडक़ों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली, कैंट्रा पिकअप, डंपर और लोडर मशीनों की आवाजाही बढ़ जाती है। सडक़ों के किनारे बजरी के ढेर और वाहनों का जमावड़ा दिखाई देता है, जिससे आमजन रात में इन मार्गों पर यात्रा करने से भी डरते हैं। हालांकि शहरी क्षेत्र में नाकों पर पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन इस कार्रवाई में पुलिस एकाध ट्रैक्टर-ट्रॉली पर कार्रवाई कर इतिश्री कर लेती है।

### दिन में गांवों में सक्रिय रहते हैं बजरी वाहन

बनास नदी क्षेत्र में बजरी माफिया लोडर मशीनों से खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में बजरी भरते हैं। कुछ वाहनों को दिन में गांवों में खड़ा कर दिया जाता है, जबकि नदी क्षेत्र के आसपास के गांवों में बजरी का स्टॉक तैयार किया जाता है। निर्देश मिलने पर रात में इन ट्रॉलियों को बांस की पुलिया नाके से पार कर तहसील मुख्यालय बौंली में संचालित बजरी स्टॉक पर पहुंचाया जाता है। यहां से कैंट्रा पिकअप और डंपर में भरकर बजरी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे के माध्यम से अन्य जिलों में भेजा जा रहा है।

### हादसे की आशंका

बौंली उपखंड क्षेत्र में रात के समय दौड़ते इन अवैध बजरी के वाहनों से हादसे की आशंका बनी रहती है। क्षेत्र में बांस की पुलिया मंदिर के पास और मालियों की ढाणी के समीप बजरी के ढेर लगे हुए हैं।

बनास नदी क्षेत्र के गांवों में दिनभर ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलीयों का आवागमन बना रहता है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। सुबह और दोपहर के समय स्कूल के बच्चों, वाहनों और आमजन को भी आवाजाही में परेशानी होती है और हादसे का डर बना रहता है।

## बिरसा मुंडा की जयंतीः स्वास्थ्य जागरुकता एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में सात चिकित्सा संस्थानों पर स्वास्थ्य जागरुकता एवं चिकित्सा शिविर लगाए गए। चिकित्सा शिविर में आने वाले लाभार्थियों की निःशुल्क जांच की गई।

सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि चिकित्सा शिविर में आने वाले लाभार्थियों की एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी जांच, एएनसी चैकअप, बच्चों का टीकाकरण सहित समस्त प्रकार की जांच की गयी। चिकित्सा शिविर मे मिली विभिन्न सुविधाएं :- इन शिविर में आने वाले रोगीयों की निःशुल्क जांच एवं निःशुल्क उपचार किया गया, 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी रोगियों की एनसीडी स्क्रीनिग व काउंसलिंग की गई। साथ ही, टी.बी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जागरूकता एवं संभावित लक्षण वाले रोगीयों की स्क्रीनिग, जांच, शिविर में गर्भवती महिलाओं का ए.एनसी. चैकअप, शिशु टीकाकरण किया गया।

खण्ड स्तरीय शिविर से रेफर रोगीयों को जिला स्तरीय शिविर में 15 नवम्बर को उपचार प्रदान किया जाएगा। जिला स्तरीय शिविर सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### अटल जन सेवा शिविर आज

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। आमजन की परिवेदनाओं/समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को प्रातः 10 बजे से सांय 4:30 बजे तक अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में नवंबर माह के द्वितीय गुरूवार, 13 नवंबर को प्रातः 10 बजे से जिले के सवाई माधोपुर, खण्डार, चौथ का बरवाड़ा, बौंली, गंगापुर सिटी, बामनवास एवं वजीरपुर में अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## मोटर साईकिलें चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र में मोटर साईकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराई गई दो मोटर साईकिले जप्त की गई। कोतवाली थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि प्रार्थी अनिल बैरवा पुत्र मनीराम बैरवा सुन्दर नगर (इलाहीपुरा) बमोर टोंक ने थाना सदर टोंक में उपस्थित होकर रिपोर्ट इस आशय की पेश की है कि मैं 18 सितम्बर को मेरी मोटर साईकिल जो कि पेरे पिताजी के नाम रजिस्ट्रेशन है। जिसको मैं घर से मोटर साईकिल लेकर ऑफिस श्रीराम फाईनेंस टोंक आया था, मैने मेरी गाड़ी पोस्ट ऑफिस के सामने कैनरा बैंक के पास गली में खड़ी कर मेरे ऑफिस में चला गया था, वापस आकर देखा तो मेरी मोटर साईकिल नही मिली। मैने आसपास काफी तलाश की तथा अब तक भी तलाश करता रहा हूं, पर भी नहीं मिली। कोतवाली थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव ने बताया कि गठित टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेजों का गहनतासे निरीक्षण कर व अन्य तकनीकी संसाधनों का सहयोग लेकर व मुखबीर मामूर कर मोटर साईकिल चोरी करने वाले आरोपी की पहचान कर आरोपी टीकाराम पुत्र अर्जुनलाल मीणा (37) निवासी खेड़ली बालाजी थाना अलीगढ़ जिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराई गई दो मोटर साईकिले जप्त की गई।

**कार्य में लाएं तीव्रता, नहीं तो होगी कार्यवाही**

## बीएलओ के कार्य की धीमी गति को लेकर एसडीएम ने जताई नाराजगी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे बीएलओ व जनप्रतिनिधियों के साथ उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा की अध्यक्षता व तहसीलदार नरेश गुर्जर की मौजूदगी में तहसील कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। इस दौरान एसडीएम मीणा ने शहरी क्षेत्र के लिए नियुक्त बीएलओ के कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी जाहिर की। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने शहरी क्षेत्र में कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ की शिकायत की। उपखंड अधिकारी ने सभी बीएलओ को कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डो से शिकायतें मिल रही हैं। तहसीलदार नरेश गुर्जर ने एसआईआर कार्य में लगे हुए सभी बीएलओ को 14 नवम्बर तक पूरा करके कार्यलय को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही बढ़ाने पर कार्यवाही की जाएगी। सभी बीएलओ वार्ड के स्थानीय पार्षद व पूर्व पार्षदों को साथ लेकर कार्य करें। ताकि पारदर्शी व गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम सफल हो सके।इस दौरान निर्वाचन कार्य देख रहे कमल सिंघल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, भाजपा के वरिष्ठ पार्षद परसराम कुमावत, मास्टर मदनलाल वर्मा, विजय शर्मा, करणसिंह राजावत, अज़हर कुरेशी, कमलेश किराड़ व शंकरलाल सैनी सहित कार्यालय कार्मिक मौजूद थे।

**श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर**

# विभिन्न धार्मिक क्रियाओं के साथ पंच कल्याणक महोत्सव का समापन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरुषोत्तम जोशी)।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर श्याम बाबा पुरानी टोंक के श्री पाश्र्वनाथ मज्जिनेंद्र जिनबिंब पंच कल्याणक महोत्सव 7 से 12 नवंबर का परम पूज्य आचार्य गुरुवर वात्सल्य वारीधी वर्धमान सागर महाराज ससंघ पंडित हंसमुख शास्त्री, मनोज शास्त्री एवं राजीव शास्त्री के पावन निर्देशन में संपन्न हुआ।

बुधवार को विभिन्न धार्मिक क्रियाओं के साथ पंच कल्याणक महोत्सव का समापन हुआ। प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि प्रातः दिव्य ध्वनि विशाल जय घोष शुभ बेला में भगवान पाश्र्वनाथ मोक्ष गामी हुए भगवान के मोक्ष जाने की शुभ बेला पर श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारों से संपूर्ण चतुर्भुज तालाब परिसर को गूंजायमान कर दिया चारों ओर दिव्य ध्वनि एवं घंटियां गूंज रही थी श्रद्धालु भाव विभोर होकर भगवान के जयकारे लगा रहे थे, मंत्र मुग्ध होकर भगवान के मोक्ष जाने की क्रिया को निहार रहे थे, भगवान के मोक्ष गामी होने पर परम पूज्य वात्सल्य वारिधि आचार्य गुरुवर वर्धमान सागर महाराज के पावन सानिध्य में मोक्ष कल्याणक का लड्डू चढ़ाया गया, तत्पश्चात इंद्र इंद्राणियों ने विश्व शांति महायज्ञ में आहुतियां दी, जिसमें हवन कुंड में चंदन की लकड़ी घी धूप नारियल आदि से आहुतियां देकर विश्व शांति की कामना के लिए हवन किया, तत्पश्चात एक विशाल रथ यात्रा पांडाल परिसर नसिया श्याम बाबा से रवाना हुई, जो तेरापंथ नसिया निवाई दरवाजा सोनियों का दरवाजा होते हुए पांच मंदिर परिसर पहुंची। मुख्य संयोजक प्रकाश सोनी ने बताया कि रथ यात्रा में श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते नाचते चल रहे थे, महिलाएं हाथों में सोलह स्वप्न अष्ट मंगल आदि लेकर चल रही थी, पुरुष वर्ग पचरंगी ध्वज हाथों में लहराते हुए चल रहे थे, शोभायात्रा पांच मंदिर पहुंचने के पश्चात श्रद्धालुओं ने श्री जी को मस्तक पर धारण करके नवीन जिनालय में प्रवेश किया, नवीन जिनालय में भगवान को नवीन वेदियों में विराजमान किया गया।

श्री जी को वेदियों में विराजमान करने का सौभाग्य पद्मासन पाश्र्वनाथ भगवान को कैलाश चंद, महेंद्र कुमार ठोलिया लदाना वाले मूल नायक चिंतामणि पाश्र्वनाथ भगवान कासलीवाल परिवार की बेटियां विधि नायक पाश्र्वनाथ भगवान प्रेमचंद, वैभव कुमार सोगानी परिवार, नवीन खडगासन पाश्र्वनाथ भगवान बसंती लाल, प्रवीण कुमार प्रियंक डोसी परिवार पाश्र्वनाथ भगवान श्याम बाबा ओमप्रकाश, बाकलीवाल परिवार को सौभाग्य मिला।

विराजमान के पश्चात भगवान का स्वर्ण कलशों से महा मस्तकाभिषेक किया गया, दोपहर में परम पूज्य आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का मंगल विहार पांच मंदिर पुरानी टोंक से होकर घंटाघर, सुभाष बाजार, पांच बत्ती, बड़ा कुंआ होते हुए श्री आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया में मंगल प्रवेश हुआ। पंच कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश बाकलीवाल ने सभी कार्यकर्ताओं समिति के सदस्यों महिला मंडल बालिका मंडल, युवा मंडल बाहर से पधारे अतिथि आदि को सम्मानित कर धन्यवाद दिया।

## हादसों में गंभीर घायलों की मदद करने वालों को मिलेगा पुरस्कार

### राहवीर को पुरस्कार देकर करेंगे प्रोत्साहित

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** सड़क दुर्घटना में गंभीर व्यक्तियों की मदद करने वाले राहवीरों को प्रोत्साहित करने की योजना लागू की गई है। राहवीर योजना के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे। जिला परिवहन अधिकारी सिरोही रामेश्वरप्रसाद वैष्णव ने बताया कि योजना के तहत राहवीर को राशि 25 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। व्यक्तिगत मामलों में पुरस्कार के अतिरिक्त सर्वाधिक योग्य राहवीरों का चयन भी किया जाएगा। इसमें पूरे वर्ष के दौरान सम्मानित किए गए लोगों में से राहवीरों का चयन होगा। प्रतिवर्ष 10 राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार दिए जाएंगे एवं प्रत्येक को एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### विभाग ने इनको माना राहवीर

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि राहवीर वह व्यक्ति है जो स्वेच्छा से तथा बिना किसी पुरस्कार या मुआवजे की अपेक्षा के पीड़ित की मदद करता है। दुर्घटना स्थल पर पीड़ित को आपातकालीन चिकित्सा देखभाल या सहायता प्रदान करता है तथा पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर को मोटर वाहन से संबंधित दुर्घटना के पीड़ित को हुई किसी भी चोट या मृत्यु के लिए सीविल या आपराधिक कार्रवाई के लिए उत्तरायी नहीं होगा।

## स्वास्थ्य शिविर में 2557 मरीजों की जांच

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिले में स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए। जिले के विभिन्न ब्लॉकों में कुल 2557 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले के ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर लगाए गए। इनमें मरीजों के सामान्य रोगों की जांच, शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच, एनीमिया जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण, दवा वितरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता सम्बंधी गतिविधियां आयोजित की गई। तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव, स्वच्छता के महत्व तथा संतुलित आहार व नियमित व्यायाम के प्रति भी जागरूकता जगाई गई। सीएमएचओ के अनुसार सिरोही, पिण्डवाड़ा, रेवदर, माउंट आबू व शिवगंज ब्लर्ख़ॉक में शिविर लगाए गए।

## योगाचार्या भागीरथी कार्की का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** निशुल्क योग शिविर जगन्नाथ मंदिर परिसर में महिला योग समिति उदयपुर की जिला प्रमुख योगाचार्या अनिता पालीवाल के नेतृत्व में योगाचार्या भागीरथी कार्की का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि योगाचार्या भागीरथी कार्की पिछले 18 वर्षों से निरंतर निशुल्क योग करवा कर लोगों को योग के प्रति जागृत कर रही हैं।कार्की प्रतिदिन निखिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर सी ब्लॉक सेक्टर 9 उदयपुर में निशुल्क योग करवातीं हैं और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का कार्य है। कार्यक्रम में सरोज व्यास,छाया पाल सीमा प्रजापत, प्रेम लता, अशोक कनेरिया, गिरिराज पालीवाल, रणजीत सिंह शक्तावत, राजेन्द्र चौधरी, सत्य नारायण,सुशील, पुष्पा, शारदा, राजाराम, देवराज,सुरज, श्याम मठवाल सहित कई योगाचार्य उपस्थित थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से तीन किलोमीटर पट्टी में प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से घुसपैठ एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से जन-सुरक्षा एवं शान्ति भंग की आशंका होने व राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर डॉ. मंजू द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपखण्ड श्रीगंगानगर, श्रीकरणपुर, पदमपुर, रायसिंहनगर, अनूपगढ व घडसाना से लगती हुई भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से तीन किलोमीटर पट्टी में प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार सायं 7 बजे से प्रातः 6 बजे तक उक्त क्षेत्र में कोई व्यक्ति आवागमन नहीं कर सकेगा। यदि किसी कृषक को अपनी कृषि भूमि में सिंचाई व्यवस्था के लिए जाना अनिवार्य हो तो वह उस क्षेत्र में स्थित सीमा सुरक्षा बल के बोर्डर पोस्ट अधिकारी, सेना के अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर आवागमन कर सकेगा। सायं 7 बजे से प्रातः 6 बजे तक उक्त क्षेत्र में कोई व्यक्ति तेज प्रकाश एवं तेज ध्वनि यंत्रों का उपयोग नहीं करेगा एवं पटाखे, बैंण्ड, डीजे इत्यादि नहीं चलायेगा। यह प्रतिबन्ध राज्य/केन्द्र सरकार के कर्मियों पर प्रभावी नहीं रहेगा। आदेश 12 नवम्बर से आगामी दो माह की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा।

## 6 माह से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

### प्रागपुरा पुलिस को विशेष अभियान के तहत मिली सफलता

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। बथाना प्रागपुरा पुलिस ने करीब छह माह से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रेंज स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन तथा विराटनगर कार्यवाहक डीएसपी राजेन्द्र बुरडक एवं थानाधिकारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। थानाधिकारी ने बताया कि गठित टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए प्रकरण संख्या 176/2025 धारा 323, 341, 506, 376(2) भादसं में वांछित आरोपी प्रदीप सिंह (24) पुत्र विजय सिंह निवासी भौनावास, थाना प्रागपुरा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पिछले छह माह से पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था। इस कार्रवाई में पुलिस टीम में शामिल कश्मीर सिंह (थानाधिकारी), सायल मल (हेड कांस्टेबल), विनोद कुमार, लोकेश कुमार और रितेश कुमार (कांस्टेबल) का विशेष योगदान रहा। थाना प्रागपुरा पुलिस की इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और अपराध नियंत्रण के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।



# पुलिस प्रशासन मुस्तैद,दिए आवश्यक निर्देश

## होटल, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशन,व बस स्टैंड पर हुई सधन जांच

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ दिल्ली स्थित लाल किले के पास हुए विस्फोट धटना के बाद पूरे देश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड़ पर आ गई है। इसी क्रम में सीमावर्ती क्षेत्र अनूपगढ़ में भी पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बढ़ाई गई है। पुलिस ने टीमों ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों होटलों, धर्मशालाओं, और यातायात केन्द्रों पर शधन अभियान चलाया है। जो रात्रि तक जारी रहा।

थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश अनुसार शहर के बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, अंबेडकर चौक, उधम सिंह चौक, सहित भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। इस दौरान पुलिस जवानों ने संदिग्ध व्यक्तियों व सड़क पर खड़े मोटरसाइकिलों की जांच की । इस दौरान धर्मशाला संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने यहां ठहरने वाले व्यक्तियों का पूरा रिकॉर्ड रखें वह बिना पहचान के किसी को ठहरने न दें। जांच के दौरान पुलिस ने सभी होटलों व लॉज में ठहरे व्यक्तियों व यात्रियों की जानकारी ली तथा रजिस्टरों की जांच पड़ताल की वहीं रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर यात्रियों के समान की जांच की व तलाशी ली।

इस दौरान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी स्थान पर संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण अनूपगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। बीट अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने अपने क्षेत्र में पुलिस गश्त तेज करें और रात्रि के समय विशेष ध्यान रखें । इसके साथ ही पुलिस ने शहर के प्रवेश और निकास मार्गों पर भी वाहनों की चैकिंग की। थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने कहा कि जिनके वाहन पर नंबर प्लेट नहीं लगी है वह अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगा लेवें। नंबर प्लेट नहीं होने पर वाहनों को संदिग्ध माना जाएगा। वहीं चार पहिया वाहनों के शिशे पर ब्लैक फिल्म का प्रयोग नहीं करें।

# जुबलीगंज में तीन माह बाद भी नहीं खोल पाए चोरी का राज

- पीड़ित चक्कर ही काट रहे पर पुलिस गंभीरता नहीं दिखा रही
- अभी तक न चोरी का खुलासा हुआ और न आरोपी पकड़े गए

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** कैलाशनगर थाना क्षेत्र के जुबलीगंज गांव में करीब तीन माह पहले हुई चोरी की वारदात का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पीड़ित थाने के चक्कर काटकर थक चुके हैं, लेकिन न तो चोरी का राज खुला और न ही आरोपी पकड़े गए। पीड़ित परिवार ने बताया कि वे लोग व्यापार के सिलसिले में अन्य प्रांत में निवासरत है। चोरी की वारदात में जेवरात व नकदी समेत करीब दस लाख रुपए का सामान चोरी गया है। घटना के बाद से ही वे लगातार यहां आ रहे हैं, जिसमें उनको काफी समस्या हो रही है।

### अभी अधर में लटक रही वारदात

ज्ञातव्य है कि कैलाशनगर क्षेत्र के झाड़ोली वीर गांव में भी इसी तरह से चोरी की वारदात हुई थी। इसमें ग्रामीणों ने संदेह के आधार पर कुछ आरोपी पकड़वाए थे। ऐसे में उन वारदातों का राजफाश हो गया, लेकिन जुबलीगंज की वारदात अब भी अधर में लटक रही है।

### चोरों के निशाने पर प्रवासियों के मकान

बताया जा रहा है कि कैलाशनगर क्षेत्र में चोरी की लगातार वारदातें हो रही है। यहां के अधिकतर लोग अन्य प्रांतों में व्यवसायरत हैं और मकान बंद रहते हैं। इसके बावजूद पुलिस शिथिलता बरत रही है। यहां तक कि रात्रिकालीन गश्त भी पुख्ता नहीं है। लिहाजा प्रवासियों के मकान चोरों के निशाने पर हैं।

### फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही

जुबलीगंज निवासी पीड़ित भबूताराम पुत्र कानाराम घांची ने बताया कि गत 18 अगस्त की रात को उनके घर में चोरी की वारदात हो गई। चोर उनके घर से करीब दस लाख रुपए मूल्य के जेवरात व नकदी आदि चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में वे राज्यमंत्री, सांसद, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारियों को भी ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है और न खुलासा हो पा रहा है।

### जांच चल रही है...

हम पूरा प्रयास कर रहे हैं कि आरोपी पकड़े जा सके। इस मामले में अभी तकनीकी आधार पर जांच चल रही है।

**- प्रेमसिंह**
**थानाधिकारी, कैलाशनगर**

## फतेहपुरा खुर्द में उप स्वास्थ्य केंद्र के पास से अज्ञात चोरों ने चुराई ट्रांसफॉर्मर की डीपी

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुरा खुर्द में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने उप स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित विद्युत ट्रांसफॉर्मर की डीपी चुरा ली। यह डीपी पंचायत भवन के सामने से जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगी हुई थी। उप स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर कार्यरत एएनएम सुमन चौधरी ने बताया कि सुबह जब वे कार्यालय पहुंचीं और ताला खोला तो जमीन पर पड़े खाली खोखों को देखकर चोरी की जानकारी लगी। इस पर उन्होंने तुरंत ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष बजरंग लाल यादव को दूरभाष पर सूचना दी। सूचना मिलते ही बजरंग लाल यादव ने प्रागपुरा थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पुलिस दल और विद्युत विभाग के कर्मचारी पहुंचे तथा पावटा एईएन को भी चोरी की सूचना दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के समय क्षेत्र में पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से की भेंट




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सिटी पैलेस संग्रहालय, उदयपुर में आयोजित 'द मेट दृ इमेजिंग, एजुकेशन एंड कंज़र्वेशन' कार्यशाला के तहत मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट, न्यूयॉर्क के प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फ़ाउंडेशन, उदयपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से भेंट की। इस अवसर पर दल ने शिक्षा, संरक्षण, चित्रकला, फोटोग्राफी तथा संग्रहालय प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। 10 से 14 नवम्बर तक चल रही यह कार्यशाला महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फ़ाउंडेशन और मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य सिटी पैलेस संग्रहालय में प्रदर्शित वस्तुओं एवं चित्रों के रख-रखाव, संरक्षण और प्रदर्शन से जुड़ी नवीन तकनीकों एवं प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना है, ताकि भविष्य में संग्रहालय को और अधिक समृद्ध, आधुनिक एवं आगंतुकों के लिए अनुभवपरक बनाया जा सके। कार्यशाला के दौरान मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट और फ़ाउंडेशन के विशेषज्ञ दल द्वारा इमेजिंग, क्यूरेटोरियल स्टडीज़, म्यूज़ियम एजुकेशन तथा संक्षिप्त ऐतिहासिक सत्र में प्रेज़ेंटेशन एवं संवाद आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला के पहले दिन मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट के दल को सिटी पैलेस संग्रहालय का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें संग्रहालय की विविध गतिविधियों, प्रदर्शनी प्रक्रिया तथा संरक्षण प्रयासों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



## डी पी एस, उदयपुर ने मनाया भव्य ग्रैंड पेरेंट्स डे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर में सीबीएसई एवं कैंब्रिज के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय ग्रैंड पेरेंट्स डे ' का आयोजन किया गया। जैसे-जैसे समय बदल रहा है, लोग अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं। इसी तरह, लोग दादा-दादी के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं। विद्यार्थियों द्वारा ग्रैंड पेरेंट्स डे का त्रिदिवसीय उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें 750 लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद बच्चों ने मधुर भजन प्रस्तुति दी। नन्हें बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा, मनमोहक एकल नृत्य और गीत प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधन सदस्य श्रीमती अपूर्वा अग्रवाल ने पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया। ग्रैंड पैरेंट्स की जीवन में महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी भगवान का आशीर्वाद हैं, जिनकी जगह कोई नहीं ले सकता।

विद्यालय प्रधानाचार्य संजय नरवरिया महोदय ने अपने प्रेरणादायक विचारों से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का स्वागत किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषण, बच्चों की सुंदर कविताएँ और प्रेप वर्ग का नाट्य मंचन सभी को भावविभोर कर गया। इसके अतिरिक्त एरोबिक नृत्य तथा समूह नृत्य दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद दादा-दादी और अभिभावकों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। इस अवसर पर अंग्रेज़ी कविता प्रतियोगिता व कैंब्रिज विंग में आयोजित अंतरा-कक्षा विज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मनोरंजक खेलों, पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का सफल समापन हुआ। यह दिन विद्यालय परिवार के लिए प्रेम, सम्मान और आनंद से भरा अविस्मरणीय अवसर सिद्ध हुआ। प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल जी द्वारा बच्चों को दादा-दादी की भूमिका के महत्व के बारे में जागरूक किया ताकि उनके बीच एक मजबूत भावनात्मक बंधन बन सकें।

### गौशालाओं की समस्याओं के समाधान की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम विधायक हंशराज पटेल को सौंपा ज्ञापन 15 नवंबर तक समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** उपखंड पावटा सहित कोटपूतली-बहरोड़ जिले क्षेत्र की समस्त गौशालाओं के समक्ष उत्पन्न गंभीर समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर श्री राजस्थान गो सेवा समिति सदस्यों ने बुधवार को पावटा उपखंड क्षेत्र के भूरीभड़ाज प्रशासक कैलाश चंद स्वामी के नेतृत्व में कोटपूतली विधायक हंशराज पटेल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यदि 15 नवंबर तक गौशालाओं की लंबित समस्याओं और बकाया सहायता राशि का निस्तारण नहीं किया गया, तो 16 नवंबर से जिलेभर में उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकारी सहायता राशि लंबे समय से अटकी हुई है, जिससे कई गौशालाएँ आर्थिक संकट से गुजर रही हैं। चारे-पानी, चिकित्सा एवं रख-रखाव जैसी मूलभूत व्यवस्थाएँ गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। श्री राजस्थान गो सेवा समिति जिला सचिव एवं भूरीभड़ाज सरपंच कैलाश चंद स्वामी ने कहा कि गौशालाओं का संचालन केवल सेवाभाव से नहीं चलता, इसके लिए निरंतर संसाधन आवश्यक हैं। विभाग द्वारा देरी से दी जाने वाली सहायता गौशालाओं की जीवनरेखा को प्रभावित कर रही है। यदि समस्या जल्द नहीं सुलझी तो गोपालकों की पीड़ा आंदोलन का रूप लेगी। समिति के जिला उपाध्यक्ष लालचंद मीणा ने कहा कि गौ सेवा में लगे गोपालक विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, परंतु बिना सरकारी सहायता के गौशालाओं



का संचालन कठिन होता जा रहा है। सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में भी मुख्यमंत्री स्तर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने विधायक हंशराज पटेल से आग्रह किया कि वे मुख्यमंत्री और संबंधित विभागों तक इस विषय को तत्काल पहुँचाएँ, ताकि गौशालाओं को राहत मिल सके और आंदोलन की नौबत न आए। इस दौरान महेश रावत, गोदरेज शर्मा, डॉक्टर किशन लाल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एनसीटीई अध्यक्ष प्रो. अरोड़ा का किया सम्मान

### समग्र विकास और सामुदायिक सेवा से ही संभव है राष्ट्र निर्माण - प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और मूल्यपरक जीवन का आधार है। शिक्षा हमें न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाती है, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय विकास का पथ भी प्रशस्त करती है। उक्त विचार बुधवार को राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से आयोजित समारोह में एनसीटीई नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. पंकज अरोड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।

प्रो. अरोड़ा ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज से जुड़कर उसे समझना और उसी समझ के आधार पर शोध व व्यवसाय का चयन करना ही स्व-विकास के साथ राष्ट्र उन्नति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें सामुदायिक सरोकारों से जोड़ती है तथा मानव मूल्यों की दिशा में अग्रसर करती है। उन्होंने विद्यापीठ के समाजोन्मुखी दृष्टिकोण और शिक्षा के मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की सराहना की। समारोह से पूर्व प्रो. अरोड़ा ने एग्रीकल्चर महाविद्यालय का अवलोकन किया और संस्थान द्वारा वंचितवर्ग के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की।



## श्री काल भैरव अष्टमी पर कपासन में विशाल भजन संध्या एवं 1 क्विं. खीर के महाप्रसाद का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** श्री काल भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में नगर के मुख्य बाजार में स्थित श्री भैरुनाथ मंदिर पर विशाल भजन संध्या एवं 1 क्विं. खीर के महाप्रसाद का भक्तों एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन के मुख्य बाजार में खारी बावड़ी बालाजी मंदिर के समीप स्थित श्री भैरुनाथ मंदिर पर श्री काल भैरव अष्टमी के अवसर पर श्री भैरुनाथ की प्रतिमा एवं मंदिर प्रांगण को आकर्षक साज-सज्जा के साथ सजाया तथा विधिपूर्वक पूजा-अर्चना एवं आराधना की गयी।जिसका श्रद्धापूर्वक उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा लाभ लिया गया। इसके उपरांत सांयकाल श्री भैरुनाथ सेवा समिति के संयोजन में 1 क्विं. साबूदाने से निर्मित स्वादिष्ट खीर के महाप्रसाद का श्री भैरुनाथ को भोग धराया गया।इस दौरान महिला,पुरुष,बच्चे,बुजुर्ग,युवा वर्ग सहित सैकड़ों भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा कतारबद्ध श्री भैरुनाथ के महाप्रसाद का हर्षित मन से लाभ उठाया गया।साथ ही श्री काल भैरव अष्टमी के अवसर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।जिसमे गायककारो द्वारा श्री भैरुनाथ की भक्ति से ओत-प्रोत गीत एवं भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गयी।जिसका श्रद्धालुओं ने भक्तिरस में झूमते-नाचते लुत्फ उठाया गया।

## नो कुंडिया महायज्ञ में पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी के साथ कपासन के तुर्कीयाखुर्द ग्राम में धार्मिक आयोजन का समापन



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। पंचायत समिति कपासन क्षेत्र के तुर्कीयाखुर्द ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत बुधवार प्रातः नो कुण्डीय महायज्ञ का शुभ मुहूर्त में श्री सांवरिया धाम मूंगाना आश्रम के महंत अनुजदास एवं रामपालदास महाराज की उपस्थिति में पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया।साथ ही तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतिम दिवस बुधवार को महाप्रसादी का आयोजन किया गया।जिसकी शुरुआत पांच कन्याओं को भोजन कराने के साथ हुई।उक्त भव्य धार्मिक आयोजन का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर,कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन प्रधान भैरूलाल चौधरी,भाजपा नेता श्रवण सिंह राव आदि राजनेताओं,जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों द्वारा उपस्थिति के साथ लाभ लिया गया।

उल्लेखनीय है कि पंचायत समिति कपासन क्षैत्र के ग्राम तुर्कियाखुर्द में आयोजित तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन में आगंतुक अतिथियों द्वारा उक्त भव्य धार्मिक कार्यक्रम की प्रशंसा की गयी।जिसमे कहाकि की ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समयानुसार आयोजित होने चाहिये। जिससे सामाजिक,धार्मिक भावना की जागृति का संचार होता रहे।इधर महाप्रसादी में हजारों भक्तों एवं श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजनो द्वारा महाप्रसादी का श्रद्धाभाव के साथ आनंद लिया गया।साथ ही धार्मिक आयोजन के अंतिम दिवस बुधवार अलसुबह से श्री खाखलिया श्याम के दर्शन हेतु भक्तों एवं श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## नाबालिग जैन बालिका के लापता होने पर जैन समाज का संघर्ष जारी, विधायक अशोक कोठारी से मिला प्रतिनिधिमंडल



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** सकल जैन समाज, ब्यावर की नाबालिग बालिका के पाँच माह से अधिक समय से लापता रहने के मामले में जैन समाज व जन समुदाय में गहरी चिंता व्याप्त है। इस संबंध में जैन समाज का एक प्रतिनिधिमंडल पीडित परिवार के साथ भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी से उनके कार्यालय में मिला और मामले में प्रभावी कार्यवाही की मांग की जैन संघर्ष समिति के सुशील मेहता ने कहा कि जब तक बालिका नहीं मिलती, जैन समाज संघर्ष जारी रखेगा। विधायक कोठारी ने इस मामले में राजस्थान के मंत्री गौतमचंद दक से चर्चा कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया और ब्यावर पुलिस से भी जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल में प्रदीप बोहरा, आनंद चपलोत, निलेश बूरड, राजेंद्र जैन, रूपेश कोठारी, चंद्रप्रकाश आंचलिया, सौरभ गोखरू और अलका जैन सहित कई सदस्य शामिल रहे।

### कई दौर की वार्ता एवं आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार पर बनी सहमति

# कोरियर व्यवसायी रमेश ईनाणी का शाम को हुआ अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** कोरियर व्यवसायी एवं भाजपा नेता रमेश ईनाणी पर मंगलवार सुबह कोतवाली थाना क्षेत्र में गोलीबारी के बाद मंगलवार शाम को उदयपुर में मृत्यु से समाजजनों एवं व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया था। इसके विरोध में व्यापार संघ की ओर से बुधवार को आधे दिन के बंद का आह्वान कर कलेक्ट्री चौराहे पर प्रदर्शन किया जा रहा था इसी दौरान शव को भी कलेक्ट्री लाया गया तथा दिनभर प्रदर्शन किया गया। चित्तौड़ के इतिहास में पहली बार बुधवार को कलेक्ट्री परिसर में शव रखकर प्रदर्शन किया गया। दोपहर बाद आश्वासन पर बनी सहमति के बाद शाम को शहर स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

**वृत्त निरीक्षक पर लगाये आरोप**

लोगों ने पुलिस अधिकारियो के समक्ष वृत्त निरीक्षक द्वारा गन तानकर डराने का आरोप लगाते हुए उक्त वृत्त निरीक्षक को निलम्बित करने की मांग करने लगे। पुलिस अधीक्षक से वार्ता के दौरान भी लोगों ने उक्त वृत्त निरीक्षक को निलम्बित करने की मांग की। रमेश ईनाणी का शव चित्तौड़ पहुंचने पर उक्त पुलिस निरीक्षक एक्बुलेंस की एस्कोर्टिंग करते हुए नई पुलिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग नई पुलिया स्थित एक निजी चिकित्सालय के बाहर पहुंचे तथा यही पर पुलिस के साथ झड़प के बाद रमेश ईनाणी के शव को कलेक्ट्री चौराहे पर ले आये थे।

**पहली बार तीन बार स्वयं एसपी ने की वार्ता**

चित्तौड़ के इतिहास में पहली बार बुधवार को किसी प्रदर्शन के मामले में किसी एसपी ने प्रतिनिधि मण्डल से तीन बार वार्ता की। बुधवार को कई बार प्रदर्शनकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के बीच तकरार की नौबत भी बनी लेकिन पुलिस ने संयमता का परिचय दिया। रमेश ईनाणी के परिजनों, समाजनों एवं व्यापार संघ के प्रतिनिधि मण्डल से बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने तीन बार वार्ता की। एसपी द्वारा तीनों ही बार निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यवाही को आश्वासन दिया गया। अन्ततः लगभग साढ़े तीन बजें सहमति बनने के बाद परिजन एवं समाजजन शव उठाने को तैयार हुए।



**बीयर ने बिगाड़ा खेल**

वारदात के कुछ ही घण्टों के भीतर पुलिस ने यूपी निवासी एक शार्प शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त शार्प शूटर की बीयर पीने की आदत ने उसका सारा खेल बिगाड़ दिया। जानकारी के अनुसार उक्त शार्प शूटर को दिनभर बीयर में ही मस्त रहने की आदत है। मंगलवार को भी वारदात के पहले नई पुलिया स्थित एक वाईन शॉप पर उसने बीयर पी थी तथा चंद मिनिटों बाद ही उसने वारदात को अंजाम दे दिया था। उक्त शार्प शूटर ने हेलमेट पहनकर ही इस वारदात को अंजाम दिया था। बीयर के बहाने यदि यह शूटर अपना हेलमेट नही उतारता तो पुलिस के लिए शायद अभी तक यह वारदात एक पहेली ही बनी रहती। बीयर पीने के बहाने उसने हेलमेट उतारा और उसका चेहरा सीसीटीवी फूटेज में आ गया। पुलिस ने इसी वाईन शॉप के फोटो और विडियों को सोशल प्लेटफार्म पर वायरल किये और वारदात करने वाले को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जानकारी में यह भी आया है कि उक्त शार्प शूटर को सब गाली मंजूर थी लेकिन कोई उसे माँ की गाली दे तो उसका खून खोल उठता था।

## वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय से निकली नशा मुक्ति जागरूकता रैली ,नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो के नारों से गूंजा ब्यावर शहर



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्स्) एवं ईएलसी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत, तंबाकू मुक्त अभियान एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक वाचन से हुई रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा, वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल और प्रबंधकारिणी सदस्य उत्तमचंद देरासरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया छात्राओं ने हाथों में नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, युवाओं का नारा — नशा मुक्त हो देश हमारा जैसे बैनर और पोस्टर लेकर शहरवासियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने कहा कि नशा मुक्ति और जनजागरूकता अभियानों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है ईएलसी प्रभारी राजकुमारी कुमावत ने छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे मतदाता पहचान पत्र बनवाकर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रीति शर्मा, तंबाकू मुक्त अभियान प्रभारी डॉ. रीना कुमारी, रेड रिबन प्रभारी निधि पंवार, बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा, गिरीश कुमार बैरवा, नितिन साहू, सुनील, कविता परसोया, लवीना ज्ञानचंदानी, दीपा मिस्त्री सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा, न्यायालय ने सुनाया कठोर फैसला

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा जिले के फूलियाकलां थाना क्षेत्र से एक घटना सामने आई है, जिसमें एक नाबालिग लडक़ी का अपहरण और दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की कठोर सजा सुनाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई 2024 को प्रार्थी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके घर पर घोड़ी को ट्रेन करने के लिए आए एक व्यक्ति, नारायण दमामी, ने उनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर लिया। यह घटना 30 जुलाई की रात को हुई जब नारायण ने पीडिता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया और अनुसंधान प्रारंभ किया। खोज के दौरान पीडिता को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पुलिस ने पीडिता का मेडिकल परीक्षण कराया और उसे उसके परिवार को सौंप दिया। इस मामले में आरोपी नारायण दमामी को गिरफ्तार कर कोर्ट में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। ट्रायल के दौरान, धर्मवीर सिंह कानावत ने 29 दस्तावेजों और 14 गवाहों के माध्यम से आरोप साबित किए। न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्रा ने नारायण दमामी को 20 वर्षों की कठोर कारावास और 59,000 के जुर्माने की सजा सुनाई। इस मामले ने समाज में एक बार फिर नाबालिगों के खिलाफ अपराधों की गंभीरता को उजागर किया है।

### लौहपुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंतीप पर ब्यावर की सडक़ों पर गूंजे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारें', युवाओं ने दिया राष्ट्र एकता का सशक्त संदेश

## विधायक शंकर सिंह रावत ने दिखाई हरी झंडी, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और युवाओं की रही सहभागिता

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन ब्यावर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक पैलेस से हुआ, जहाँ राष्ट्रप्रेम और एकता के उत्साह से वातावरण ओतप्रोत हो उठा।

माय भारत के जिला युवा अधिकारी जयेश मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनिटी मार्च के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ब्यावर विधायक श्री शंकर सिंह रावत, प्रधान जवाजा पंचायत समिति श्री गणपत सिंह रावत, पूर्व सभापति ब्यावर श्री नरेश कनौजिया, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष श्री जयकिशन बलदुआ, मंगत सिंह मोनू, पार्षद सुनीता भाटी, पार्षद रेखा भाटी, पार्षद गोपाल सिंह और समिति अध्यक्ष जवाजा महिपाल सिंह ने सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।इसके बाद विधायक शंकर सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च को रवाना किया। मार्च में देशभक्ति गीतों और भारत माता की जय, वंदे मातरम, एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सरदार पटेल अमर रहें के नारों से ब्यावर की सडक़ों पर देशभक्ति का वातावरण गूंज उठा। युवा प्रतिभागी तिरंगे झंडे और स्वतंत्रता सेनानियों के जयघोष के साथ अशोक पैलेस से अजयगर बाबा, जालिया प्रथम, सोवनिया, दुर्गावास चौराहा होते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर तक पहुँचे, जहाँ मार्च का समापन हुआ।रास्ते में नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया। अशोक पैलेस में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी। उनका नेतृत्व, दूरदृष्टि और साहस स्वतंत्र भारत की मजबूती का आधार बना। यह आयोजन केवल समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है जो युवाओं में राष्ट्रीय गौरव और जिम्मेदारी की भावना जगाता है।

मार्च के दौरान युवाओं को आत्मनिर्भर भारत और नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् ईश्वर तंवर ने किया। इस अवसर पर गणपत सिंह रावत, नरेश कनौजिया, जयकिशन बलदुआ, मंगत सिंह मोनू, सुनीता भाटी, रेखा भाटी, गोपाल सिंह, महिपाल सिंह, सहित माय भारत के जिला युवा अधिकारी जयेश मीना और बड़ी संख्या में युवक-युवतियाँ, नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिलेभर में लगे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बढ़ता राजस्थान

### आमजन ने चिकित्सा शिविरों में पहुंचकर उठाया नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जिलेभर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ब्लॉक स्तर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लेते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं दवाइयों की सुविधा का लाभ उठाया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि शिविरों में विभिन्न रोगों की जांच के साथ-साथ टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त एएनसी जांच, टीकाकरण तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया। डॉ. गुर्जर ने बताया कि शिविरों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीमों द्वारा मरीजों की स्क्रीनिंग कर आवश्यक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। 40 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की एनसीडी स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं की जांच तथा शिशुओं का टीकाकरण भी शिविरों का प्रमुख हिस्सा रहा। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और रोगों की रोकथाम के संदेश प्रसारित किए गए।

इन स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आमजन को घर-आंगन पर ही चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हुईं, जिससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर यह आयोजन जनसेवा का सशक्त माध्यम बना।

## राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलक सागर को भीलवाड़ा में चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** उदयपुर में विराजमान परम पूज्य आचार्य 108 श्री पुलकसागर महाराज ससंघ को वर्ष 2026 के चातुर्मास हेतु भीलवाड़ा जैन समाज द्वारा श्री फल भेंट किया। इस अवसर पर समाज के प्रवीण चौधरी, जयकुमार पाटनी, अनिल पाटनी, प्रेमचन्द सेठी, महेन्द्र सोगानी, दीपक अजमेरा, मनीष शाह, सुनील शाह, अनिल जैन, जिनेन्द्र पाटनी, नवीन चौधरी, मनोज भैंसा सहित समाज जन मौजूद थे। आचार्य पुलकसागर महाराज ने भीलवाड़ा में चातुर्मास की संभावना से इनकार नहीं किया और सकारात्मक आश्वासन दिया।

### जन आक्रोश रैली में फूटा सिंधी समाज का गुस्सा

# विधायक कृपलानी बोले, भगवान झूलेलाल, महाराजा अग्रसेन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अपमान को समाज कभी सहन नहीं करेगा

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय कथित नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल, अग्रवाल समाज के आराध्य देव महाराजा अग्रसेन तथा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति दिए गए अमर्यादित एवं अपमानजनक बयान के विरोध में बुधवार को सिंधी समाज द्वारा जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। समाज के सभी वर्गों के नवयुवक, मातृशक्ति एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर एकजुटता और आस्था का परिचय दिया। रैली माल गोदाम रोड स्थित नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर मोती बाजार, चित्तौड़ी दरवाजा, चंदन चौक, परशुराम सर्कल, शेखावत सर्कल होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां समाजजनों ने उपखण्ड अधिकारी विकास पंचौली को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। सिंधी समाज के सचिव रवि कृपलानी ने बताया कि रैली का नेतृत्व पूर्व यूडीएच मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीचंद कृपलानी ने किया। उनके नेतृत्व में सिंधी पंचायत, श्री झूलेलाल एजुकेशनल ट्रस्ट, राष्ट्रीय सिंधी समाज एवं अखिल भारतीय महिला सिंधी संगठन ने सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने कहा कि भगवान झूलेलाल, महाराजा अग्रसेन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महान विभूतियों पर की गई अभद्र टिप्पणियां अत्यंत निंदनीय हैं। यह केवल किसी एक समाज पर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की आस्था और संस्कृति पर प्रहार है। ऐसे अमर्यादित बयान देने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज ने सदैव राष्ट्र और समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। भगवान झूलेलाल के नाम पर किसी भी प्रकार का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, जिला मंत्री पारस विरवाल, जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, गोपाल पंचौली, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष लाला दशोरा, सोनू आकाश पारख सहित समाजसेवी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सिंधी समाज से भजन जिज्ञासु, मोतीलाल आहूजा, लव आहूजा, वर्षा कृपलानी, जय लालवानी, हर्षा वासवानी, विनोद पुरसवानी, रौनक मंघनानी, प्रकाश मंघनानी, हरीश पुरसवानी, श्याम पुरसवानी, अशोक पुरसवानी, मनोज रहवानी, हितेश दतवानी, गागो माखीजा, बंसीलाल जीवनानी, गोपाल कृपलानी आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# एफ सी एम इंजेक्शन गर्भवती महिलाओं में खून की कमी दूर करने में सबसे अधिक उपयोगी है- डॉ शर्मा

## 17 से 30 नवंबर तक आयोजित किए जाने वाले पिंक पखवाड़े की तैयारीयो को लेकर प्रशिक्षण सिविल आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )** । गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) दूर करने के उद्देश्य से 17 से 30 नवंबर तक मनाए जाने वाले पिंक पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण शिविर डीग में बुधवार को जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया। जिसमें चिकित्सा अधिकारियों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एनीमिया नियंत्रण के तहत एफ.सी.एम. (फेरिक कार्बोक्सी माल्टोज) इंजेक्शन के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. राम अवतार शर्मा ने बताया कि एफसीएम इंजेक्शन शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर तेजी से बढ़ाने में कारगर है। उन्होंने बताया कि यह इंजेक्शन आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को दूर करने का आधुनिक व सुरक्षित तरीका है। जिसे विशेष रूप से उन गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को दिया जाता है, जिनमें हीमोग्लोबिन का स्तर बहुत कम होता है।

प्रशिक्षण में बताया कि एफसीएम इंजेक्शन को चिकित्सक की देखरेख में ही प्रयोग किया जाए तथा इंजेक्शन लगाने से पहले महिला की स्वास्थ्य स्थिति और खून की जांच रिपोर्ट का मूल्यांकन किया जाना जरूरी है। पिंक पखवाड़े के दौरान इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक पात्र महिला तक आयरन की पर्याप्त मात्रा पहुंचाकर एनीमिया मुक्त गर्भवती माताओं का लक्ष्य हासिल किया जाएगा।

# चालान के भय से नहीं बल्कि खुद से करें नियमों की पालना-विकास सांगवान

## यातायात नियमों की होर्डिंग का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा)** । जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों की पालना को लेकर होर्डिंग का विमोचन जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने किया। चंद्रमल फाउंडेशन की ओर से जारी किए गए होंडिंग्स का विमोचन करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि आमतौर पर चालक चालान के भय से थोड़ी देर के लिए यातायात नियमों की पालना करते हैं। जब कि जरूरत है इन नियमों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की। उन्होंने कहा कि यदि चालान के भय से आप नियमों की पालना करते हैं, तो आप अपने आप को धोखा दे रहे हैं। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि स्वयं सेवी संस्था के माध्यम से सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर होर्डिंग लगाई जा रही है। जिससे लोगों में यातायात नियमों के प्रति चेतना पैदा हो। इसके अलावा विभाग द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से रिफ्लेक्टर अभियान ट्रैफिक पॉइंट पर चलाया गया। जहां 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए तथा वाहन चालकों के बीच समझाइश की गई। इसके अलावा विभाग द्वारा नियमित संघन जांच के माध्यम से यातायात नियमों की पालना न करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नियमित कार्रवाई की जा रही है। अब तक लगभग 789 वाहनों के विरुद्ध चालान किए गए हैं। यातायात पुलिस द्वारा तेज गति से वाहन चलाने के आरोप में, बिना हेलमेट के वाहन चलने तथा बिना नंबर के वाहन चलाने वाले चालकों के साथ नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पार्किंग करने पर 135 वाहनों के खिलाफ चालान किए गए हैं।

इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत, चंद्रमल फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, राजकुमार व एनआईसी से अजय शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाएं - डॉ. टीना सोनी

## केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का आगाज



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, जयपुर तथा सवाईमाधोपुर द्वारा वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष थीम पर आधारित केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर 12 से 14 नवंबर तक आयोजित मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का बुधवार को मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त डॉ टीना सोनी एवं जिला कलक्टर कमर चौधरी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया।

संभागीय आयुक्त डॉ. सोनी ने कहा कि यह प्रदर्शनी वन्देमातरम के 150 वर्ष एवं संविधान के 75 वर्ष और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी को इस प्रदर्शनी में भाग लेना चाहिए, प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आकर्षक तरीके से प्रदर्शित की गई है। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों और युवाओं के साथ साथ आमजन के लिए भी ज्ञानवर्धक है। उन्होंने कहा कि सभी इस प्रदर्शनी से प्राप्त जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे और देश के विकास में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो। जिला कलक्टर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस प्रदर्शनी में भाग लेकर वंदे मातरम् के 150 वर्ष और संविधान के 75 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा को समझें तथा इससे प्रेरणा लेकर देश निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में आयोजित प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में बढ़चढ़कर हिस्सा लें और प्रदर्शनी से प्राप्त जानकारी को सभी के साथ साझा भी करें। मीडिया संचार एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी आशीष वर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी में भारत सरकार की आम जन से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े ज़ोन बनाये बनाए गए हैं। युवाओं के लिए प्रदर्शनी में विभिन्न एंगेजमेंट जॉन भी बनाए गए है।

प्रदर्शनी में भारतीय डाक विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा स्टॉल लगाई गई है। कार्यक्रम में आयोजित संगोष्ठी में भारत स्काउट गाइड के स्काउट कमिश्नर गिरिराज गर्ग, गाइड कैप्टन अशोक मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक प्रेमसिंह व नेमी चंद मीना ने प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी और मंच संचालन किया।

यह प्रदर्शनी 14 नवंबर तक प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक सभी के लिए निशुल्क खुली रहेगी। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त निदेशक हरिओम सिंह गुर्जर, प्रधानाचार्य यशवीर सिंह, प्रधानाचार्य सुदामा पाराशर, उप प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह नाईक भी मौजूद रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों का बीएलओ द्वारा किए जा रहे मैपिंग कार्य का किया निरीक्षण

## विधानसभा धौलपुर एवं राजाखेड़ा के बीएलओ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने जिले में गहन पुनरीक्षण कार्यो के गतिविधियों का विधानसभा धौलपुर एवं राजाखेड़ा में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे परिगणना प्रपत्र एवं मैपिंग कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि कम प्रगति वाले बीएलओ अतिरिक्त गंभीरता से कार्य करें।

बीएलओ द्वारा की जा रही मैपिंग की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं का इंपिक नंबर नहीं है, उनके पुराने निवास स्थान की जानकारी लेकर वर्ष 2002 की मतदाता सूची से नाम ढूंढा जाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मैपिंग नहीं हो पाई है, उनसे उनके या उनके माता-पिता के वर्ष 2002 में निवास स्थान की जानकारी लेकर मैपिंग सुनिश्चित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी



ने जिले के समस्त ईआरओ को निर्देशित किया कि बीएलओ ऐप पर शत-प्रतिशत मैपिंग का कार्य पूरा किया जाए।

उन्होंने मैपिंग कार्य में गति लाने, परिगणना प्रपत्र वितरण कार्य में गति लाने और आम मतदाताओं में एसआईआर के प्रति जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर्स नियमित रूप से फील्ड में रहें तथा उनके अधीन बीएलओ के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग ने पुराने एसआईआर की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं का वंशावली की मैपिंग किया गई है।

यदि किसी मतदाता का नाम वर्तमान सूची में नहीं है, लेकिन उनके माता-पिता या दादा-दादी का नाम पिछले एस आई आर में शामिल है, तो पारिवारिक संबंध के आधार पर नाम जोड़ा जाएगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर आंशिक रूप से भरे गणना प्रपत्र की दो प्रतियां देनी होंगी, साथ ही गणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं की मदद करनी होगी और भरे हुए प्रपत्रों को ईआईसीनेट ऐप पर अपलोड करना होगा। मतदाताओं से यह अपेक्षा की गई है कि वे आवश्यक जानकारी सही-सही भरें, एक प्रति बीएलओ को दें और दूसरी रसीद अपने पास रखें।

# भरतपुर में ट्रोला बेकाबू होकर दुकान से टकराया

## चैन से बंधे थे पाइप, अचानक टूट कर सड़क पर बिखरे

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर में पाइप से भरा ट्रॉला दुकान से टकरा कर पलट गया। इस दौरान ट्रॉला में रखे पाइप तक बिखर गए। मामला मथुरा गेट थाना इलाके का है। इस हादसे से मौके पर अफरा तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि ट्रॉला के चपेट कोई वाहन नहीं आया। ड्राइवर लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वह कोसी कलां से रूपवास चंबल पानी की सप्लाई के लिए पाइप लेकर जा रहा था। सारस चौराहे पर अचानक ट्रॉला पर लगी लकड़ी टूट गई। इसके बाद पाइप जिस चौन से बंधे थे वह चौन टूट गई और, ट्रॉला अनियंत्रित हो गया। इसके बाद ट्रॉला से पाइप गिरने लगे, जिससे वह बेकाबू होकर पटल गया। हालांकि किसी के चोट नहीं लगी।

### शराब की दुकान से टकराया ट्रॉला

ट्रॉला पलटने के बाद उसके आगे का हिस्सा सारस चौराहे स्थित एक शराब की दुकान से टकरा गया। शराब की दुकान का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि ट्रॉला की चपेट में कोई वाहन नहीं आया नहीं तो, कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाइपों को सड़क से हटाकर साइड करवाया। जिससे यातायात अवरुद्ध नहीं हो सके।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत भुसावर में रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कस्बा भुसावर में रैली का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों व स्टाफने भाग लिया।

महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजित संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्यायें उत्पन्न होती हैं। आज का युवा वर्ग नशा का आदी हो रहा है, इससे उसका स्वयं का कैरियर बर्बाद होता है, साथ ही




परिवार और समाज भी उसका दंश झेलते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल महिला भी नशा अपनाने लगी है। देश, समाज व स्वयं की समृद्धि और शांति के लिए नशे को छोड़ना चाहिए। डॉ. आकाश तंवर ने कहा कि नशे की लत से हृदय रोग, मोटापा, लीवर व किडनी संबंधित बीमारियां बढ़ती हैं। हमें जनजागरूकता अभियान चलाकर समाज को नशा के दुष्प्रभावों के प्रति सावचेत करना चाहिए, साथ ही नशा से पीडित व्यक्तियों को नशा मुक्ति केन्द्रों की सहायता से नशा छोडने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# एसआईआर एप पर गणना प्रपत्र को अपलोड कर सत्यापन करें पूरा - कमर चौधरी

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर का ग्रामीण क्षेत्रों में किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( घनश्याम अवस्थी )।** जिले में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने ग्राम सुनारी में औचक निरीक्षण कर एसआईआर की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर बीएलओ एप पर मेपिंग, गणना प्रपत्र की फीडिंग की जांच कर आम मतदाताओं से फीडबैक भी लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य एक त्रुटिरहित एवं शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। इसमें आयोग के निर्देशों की पालना करते हुये घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें, गणना प्रपत्र वितरण करने के साथ ही समय पर एकत्रित कर ऑनलाईन फीडिंग पूरी करें। उन्होंने कहा कि सत्यापन के समय वॉलिन्टियर, स्थानीय आंगनबाडी कार्यकर्ता, राशन डीलर एवं प्रबुद्ध नागरिकों का सहयोग लें। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं मौजीज व्यक्तियों से भी संवाद बनाये रखकर अन्य प्रदेशों से आये मतदाताओं अथवा अन्य प्रदेशों में स्थानान्तरित हुये मतदाताओं का सत्यापन करने के निर्देश दिये।

उन्होंने बीएलओ एवं सुपरवाईजर को निर्देश दिये कि मोबाईल एप पर नियमित रूप से गणना प्रपत्रों को अपलोड कर सत्यापन पूरा करें। प्रत्येक मतदाता के घर पर तीन बार आवश्यक रूप से सम्पर्क कर परिजनों व पडोसियों को भी सूचना दें। उन्होंने घर घर सम्पर्क के डाटा को रजिस्टर में संधारित करने के निर्देश दिये।

एसआईआर एप पर गणना प्रपत्र को अपलोड कर सत्यापन करें पूरा - कमर चौधरी

# शिवानी सिसोदिया ने जीता यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** सेज यूनिवर्सिटी, भोपाल में चल रही साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो चौंपियनशिप में भरतपुर की शिवानी सिसोदिया ने कांस्य पदक जीता। कराटियंस स्पोर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर और जूडो कोच ओंकार पंचोली ने बताया की 9 से 14 नवंबर तक सेज यूनिवर्सिटी, भोपाल में साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें साउथ वेस्ट जोन की करीब 80 विश्वविद्यालय की टीमों ने भाग लिया है जिसमें कराटियंस स्पोर्ट्स एकेडमी की जूडो खिलाड़ी शिवानी सिसोदिया ने लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन का प्रतिनिधित्व करते हुए 57 किलो भार वर्ग में




शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। ओंकार पंचोली ने बताया कि शिवानी सिसोदिया भरतपुर की ऐसी पहली महिला खिलाड़ी है जिसने यूनिवर्सिटी की जूडो प्रतियोगिता में कोई मेडल प्राप्त किया है।

# विधिक सेवा सप्ताह, 'न्याय आपके द्वार एव सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला बाल विकास विभाग, स्काउट गाइड एवं मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से न्यायालय परिसर से गांधी पार्क धौलपुर तक विधिक सेवा सप्ताह, ''न्याय आपके द्वार-लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ एवं त्वरित समाधान'' एवं सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत रैली को पारिवारिक न्यायाधीश सुशील कुमार पाराशर, पोक्सो न्यायाधीश राजकुमार, एमएसीटी न्यायाधीश प्रीति नायक, सचिव रेखा यादव, एससी-एसटी न्यायाधीश नम्रता पारिक, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट शैला फौजदार, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन मीणा, करुणा आदि के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर सचिव रेखा यादव ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को नि:शुल्क विधिक सेवाएँ प्रदान करने और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु लोक अदालतों का आयोजन करने के उद्देश्य से किया गया है। सचिव ने बताया कि इसका आदर्श वाक्य है न्याय सबके लिए। हर वर्ष 9 नवम्बर को पूरे भारत में कानूनी सेवा दिवस मनाया जाता है।

जिला परिवहन अधिकारी मुकुल कुंद्रा ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव के निर्देशन में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभाग की ओर से निरंतर चालान की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा गुड सेमेरिटर्न के रूप में मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी दें। न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर ने गोल्डन आवर्स के बारे में जानकारी दी। ट्रेनी न्यायिक अधिकारीगणों ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन करें जैसे ट्रैफिक सिग्नल, गति सीमा और सड़क चिह्नों का पालन करना, शराब या किसी भी नशीली दवा के प्रभाव में वाहन न चलाएं,




गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, अपनी लेन में चलें, आगे वाले वाहन से एक सुरक्षित दूरी बनाए रखें, चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनें और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें आदि का पालना करना चाहिए। इस अवसर पर रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को परिवहन विभाग की ओर से यातायात नियमों संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रेनी न्यायिक अधिकारीगण अंकित यादव, रेखा चौधरी, पूनम अग्रवाल, विक्रम ठोलिया, महिला बाल विकास से मांगीलाल, मंजरी फाउंडेशन से सुबोध गुप्ता, अधिवक्ता रंजीत दिवाकर, जिला परिवहन अधिकारी मुकुल कुंद्रा, ट्रैफिक इंचार्ज बलविंदर एवं न्याय विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डीजीपी राजीव शर्मा ने किया एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के अत्याधुनिक कार्यालय का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान पुलिस ने समाज को नशा-मुक्त बनाने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है। पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा ने बुधवार को जयपुर के जगतपुरा स्थित 7 नं. चौराहा महल रोड पर एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के नवीन कार्यालय का शुभारंभ किया। इससे राज्य पुलिस की मादक पदार्थों के व्यापार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को और गति मिलेगी।

**फीता खोल कर किया विधिवत उद्घाटन:** डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने मुख्य द्वार पर पूजा-अर्चना कर और फीता खोलकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान आईजी एएनटीएफ श्री विकास कुमार ने डीजीपी श्री शर्मा को विंग की सभी शाखाओं का अवलोकन कराया और एएनटीएफ द्वारा की गई महत्वपूर्ण कार्यवाहियों पर एक विस्तृत प्रजेंटेशन भी दिया। इस मौके पर एएनटीएफ की श्रीगंगानगर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर सहित 10 चौकियों के प्रभारी भी ऑनलाइन जुड़े और अपना परिचय दिया। कार्यक्रम में डीजी ट्रैफिक श्री अनिल पालीवाल, एडीजी सर्वश्री दिनेश एमएन, हवा सिंह घुमरिया, भूपेंद्र साहू, वी के सिंह, विशाल बंसल, बिपिन पाण्डेय, प्रशाखा माथुर, लता मनोज कुमार सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**डीजीपी ने कहा अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर होगी सख्ती :** उद्घाटन के दौरान मीडिया से बात करते हुए, डीजीपी श्री राजीव शर्मा ने एएनटीएफ के मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एएनटीएफ की कुल 18 चौकियाँ स्थापित होनी हैं, जिनमें से 10 में संचालन शुरू हो चुका है।

## नगर निगम कमिश्नर की दुकानदारों से अतिक्रमण न करने की अपील



बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। बुधवार को होप सर्कस से त्रिपोलिया तक नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका और उनकी टीम ने दुकानदारों के आगे हाथ जोडक़र निवेदन करते हुए अतिक्रमण नहीं करने का निवेदन किया एव निगम कर्मियो द्वारा शहर के मुख्य बाज़ारो से हाथ जोडक़र विनती करते हुए अतिक्रमण हटवाया । लोगो ने कहा ऐसा लग रहा है जैसे बाज़ार को अब सांस मिली हो। नगर निगम कमिश्नर सोहन सिंह नरूका ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नगर निगम की टीम द्वारा शहर से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है लोगों को समझाइए की जा रही है वह अपनी हद में रहकर अपनी दुकानदारी संचालित करें इससे ना बाजार में जम के हालात होंगे और ना ही व्यापार प्रभावित होगा व्यापारी यदि सहयोग करें तो बहुत सारा झंझट जो सडक़ पर चलते समय सामने नजर आता है वह नजर नहीं आएगा इधर उन्होंने शहर वासियों से भी निवेदन किया कि वह अपने शहर को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाए रखने में निगम की मदद करें।

## सक्षम गौशाला विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में गौशाला संचालकों को योजनाओं की दी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** पशुपालन एवं गोपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत के निर्देशानुसार गौशालाओं को सक्षम बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सक्षम गौशाला अभियान के तहत गौशाला प्रबंधकों के लिए बुधवार को जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सचिवालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में गौशाला प्रबंधकों को गोपालन निदेशालय द्वारा संचालित योजनाओं तथा अन्य विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश भर के 738 गौशाला प्रबन्धकों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि केवल योजनाएं बना देना ही पर्याप्त नहीं है, योजनाओं की सफलता तभी है, जब उन योजनाओं का लाभ संबंधित लोगों तक पहुंचे। गोपालन विभाग द्वारा गौशालाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी गौशाला संचालकों को होना आवश्यक है। इसी दृष्टि से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस तरह के आयोजन से गौशाला संचालक गौवंश के संरक्षण और संवर्द्धन में अपनी भूमिका का बेहतर निर्वहन कर सकेंगे। डॉ. देवेन्द्र जुनेजा ने विभागीय ऑनलाइन वेब पोर्टल पर संचालित अनुदान सहायता योजना एवं राजस्थान गौशाला अधिनियम-1960 में पंजीयन हेतु आवेदन प्रक्रिया व डॉ. मनोज कुमार ने निधि नियम एवं अनुदान के दिशा निर्देश के प्रावधानों एवं ग्राम पंचायत गौशाला/पशु आश्रय स्थल जनसहभागिता योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

## अलवर में चल रहे स्काउड गाइड अनुसूचित जाति एवं जनजाति शिविर का समापन कल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के द्वारा 14 नवम्बर तक अनुसूचित एवं जनजाति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 130 संभागी भाग ले रहे है। शिविराधिपति श्रीमती विजय लक्ष्मी रोहिला ने बताया कि शिविर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के स्काउट गाइड को प्रथम सोपान से द्वितीय सोपान तक का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के साथ सर्वांगिंण विकास के लिए शारीरिक गतिविधिया, फर्स्ट एड, हाइक कार्यक्रम का इतिहास संबंधित समस्त पाठ्यक्रम कराये जा रहे है। उन्होंने बताया कि आज समस्त बच्चों को यूनिफार्म वितरण कार्यक्रम तथा बायोडाइवर्सिटी पार्क का भ्रमण कराया गया।

प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ निश्चित समय सीमा में पूर्ण कराने के दिए निर्देश

# जिला कलक्टर ने की यूआईटी के आधारभूत अवसंरचनागत कार्यों एवं बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा की

### न्यास बैठकों में स्वीकृत कार्यों में से 52 पूर्ण, 70 कार्य प्रगतिरत तथा 75 कार्यों के यथाशीघ्र जारी होंगे कार्य आदेश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर नगर विकास न्यास के आधारभूत अवसंरचनागत कार्यो एवं बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा कर यूआईटी के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने यूआईटी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों एवं बजट घोषणाओं के कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइम लाइन में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यूआईटी सचिव से 70 प्रगतिरत एवं 52 पूर्ण कार्यों की वस्तु स्थिति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि आमजन की सुविधाओं से जुड़े कार्य यथा सडक़ व नाला निर्माण सहित आधारभूत अवसंरचनागत कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर के ड्रेनेज एवं सीवरेज सिस्टम की बेहतर प्लानिंग के लिए सैटेलाइट इमेजरी डिजिटल मैप तैयार करावें तथा और अवसंरचनागत कार्यों के बेहतर प्रबंधन हेतु इंफ्रास्ट्रक्चर मॉनिटरिंग एप्प तैयार करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि सामान्य चिकित्सालय में ओपीडी भवन उन्नयन एवं मरम्मत कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करावें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के सौंदर्यकरण की दृष्टि से निर्माणाधीन फूड स्ट्रीट सर्वसुविधायुक्त हो तथा सर्वे कर शहर में अन्य जगह फूड स्ट्रीट निर्माण के लिए जगह निर्धारित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के लिए आवश्यक संरचनागत कार्य, हनुमान चौराहे से बगड़ तिराया तक स्ट्रीट लाइट कार्य, बहरोड रोड डिवाइडर एवं डांबर पेवरीकरण कार्य, चिल्ड्रन पार्क उन्नयन कार्य, माटिया कुंडू जीर्णोद्धार कार्य इत्यादि को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने निर्देशित किया कि अग्यारा स्थित ट्रीटेड वॉटर प्लांट के शोधित पानी का सदुपयोग हो इसके लिए कार्य योजना बनावें। बैठक में यूआईटी सचिव श्रीमती धीग्दे स्नेहल नाना, युआईटी के अधीक्षण अभियंता श्री तैयब खान, जेवीवीएनएल के अधिशासी अभियंता श्री महेश देशवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया सामूहिक गायन, स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

### वंदे मातरम के जयघोष से गूंजा जिला परिषद सभागार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जिला परिषद् जयपुर की साधारण सभा की बैठक बुधवार को जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा की अध्यक्षता में जिला परिषद् सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी, सडक़, रसद की व्यवस्था, पंचायत राज संस्थाओं को हस्तांतरित पांच विभागों के कार्य-कलाप, महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत पूरक कार्य योजना वर्ष 2025-26 के अनुमोदन तथा पट्टा पत्रावलियों के अनुमोदन जैसे विविध विषयों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर वंदे मातरम की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 7 नवम्बर से 26 नवम्बर तक आयोजित वंदे मातरम कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत जिला प्रमुख, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रमुख श्रीमती चौपड़ा ने सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया तथा कहा कि स्वदेशी भावना राष्ट्र के आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्ढ्ढक्र) से संबंधित जानकारी पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से प्रदान की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेघराज मीना ने जनप्रतिनिधियों को परिगणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों की एसआईआर से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु जिला परिषद परिसर में हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई, जहाँ उपस्थित प्रतिनिधियों के परिगणना प्रपत्र संबंधी प्रश्नों का तत्परता से समाधान किया गया।

इस अवसर पर सांसद श्री अमराराम (सीकर), विधायक श्रीमती शिखा मील बराला (चौमूं), उप जिला प्रमुख श्री मोहन डागर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विश्व मधुमेह दिवस

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की ओर से मिशन डायबिटीज मुक्त अलवर का आगाज कल से

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा द्वारा विश्व मधुमेह दिवस 14 नवम्बर 2025 से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी के शारीरिक फिटनेस को जीवन का एक तरीका बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रोजेक्ट फिट इंडिया मूवमेंट के तहत मिशन - डायबिटीज मुक्त अलवर प्रारम्भ करने जा रहा है जिसका प्रारम्भ अलवर सांसद खेल उत्सव - 2025 से इंदिरा गाँधी स्टेडियम अलवर से प्रारम्भ होगा! केन्द्रीय मंत्री माननीय भूपेन्द्र यादव (केन्द्रीय वन , पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री) तथा राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, विज्ञान एवं प्रोधोगिकी विभागों के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री माननीय संजय शर्मा के दिशानिर्देशानुसार ऐसे चिन्हित स्थान जहाँ बिलकुल मेडिकल सुविधाएँ नहीं है उन स्थानों पर ये मोबाइल मेडिकल वैन जाकर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है साथ ही ये गर्भवती महिलाओ की हीमोग्लोबिन जाँच, निःशुल्क दवा वितरण, स्कूलों में बच्चो के नेत्र जाँच को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है ।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन डॉ. एस.सी. मित्तल ने बताया कि अलवर सांसद खेल उत्सव - 2025 में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत मिशन - डायबिटीज मुक्त अलवर प्रारम्भ करके 14,15 नवम्बर को फाइनल मैचों के अंतर्गत आने वाले लोगो का निःशुल्क मधुमेह जाँच शिविर इंदिरा गाँधी स्टेडियम में लगाया जा रहा है यह शिविर प्रातः 08.30 से शाम 04.30 बजे तक दोनों दिन चलेगा । खास तौर पर 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगो को आह्वान किया जा रहा है कि आकर अपना निःशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर की जाँच जरुर करवायें ! 14 नवम्बर को 1 मेडिकल मोबाइल यूनिट अलवर में , 1 यूनिट राजगढ़, 1 यूनिट रामगढ, 1 यूनिट बहरोड़ क्षेत्र में , 1 यूनिट भिवाड़ी क्षेत्र में अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे वही 15 नवम्बर 2025 को पाँचो मेडिकल मोबाइल यूनिट्स अलवर के इंदिरा गाँधी स्टेडियम में अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी ।

सचिव डॉ रूप सिंह ने बताया कि आमजन यदि चाहे तो सिर्फ अपनी दिनचर्या एवं खान-पान में बदलाव लाकर ही मधुमेह रोग पर जीत पा सकता है उसको डॉक्टर्स के पास जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी ! नियमित व्यायाम, रोजाना घूमना, समय पर नियमित पौष्टिक आहार का सेवन , समय पर सोना-उठाना, सेडेंट्री हैबिट्स को छोडक़र (जैसे तनाव, धुम्रपान, मदिरा, तम्बाकू सेवन इत्यादि) भी मधुमेह का मरीज बिना दवा के शुगर को आसानी से कण्ट्रोल कर सकता है पर नियमित जाँच करके अपनी शुगर लेवल पर ध्यान रखना जरुरी रहेगा।

## वृताधिकारी ने किया पदभार ग्रहण, कानून व्यवस्था पर रहेगा जोर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के वृत्त बानसूर में वृतांधिकारी मेघा गोयल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि बानसूर वृत्त क्षेत्र में क़ानून का शासन हो !क़ानून का उलंघन कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। गोयल ने कहा कि मैंने आज पदभार ग्रहण किया है बानसूर वृत्त क्षेत्र चारों थानों की पुलिस टीम से बैठक कर जानकारी ली जाएगी।

तत्पश्चात ही पता चल पाएगा कि क्षेत्र की क़ानून व्यवस्था में किन सुधारों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिक क़ानून व्यवस्था को बरकरार रखना !वहीं उन्होंने कहा कि क़स्बों व गाँवों में पुलिस गस्त चलती रहे, अपराध कम से कम हों,महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ावा मिले। गोयल ने कहा कि पुलिस से सम्बंधित कोई भी समस्या है तो मुझ तक पहुंचाएँ और जो सहयोग हो सकता है पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास राजस्थान पुलिस का स्लोगन आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर को चरितार्थ करने में रहेगा।

### केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव रहेंगे मौजूद

# अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का 14 व 15 नवम्बर को इंदिरा गांधी स्टेडियम में फाइनल

### खेल जगत की जानी-मानी हस्तियां भी रहेंगी मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव द्वारा वी-शक्ति संस्था के बैनर तले आयोजित कराए जा रहे 'अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0' के फाइनल स्टेज के खेलों का भव्य आयोजन 14 व 15 नवम्बर को इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। 'अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0' के दौरान विधानसभा स्तर पर 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, एथलेटिक्स, रस्सा-कस्सी, लंबी कूद, शॉट पुट, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल खेलों के क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल मैचों तथा 7 नवम्बर से 9 नवम्बर तक मुक्केबा$जी, योगा और बैडमिंटन क्वार्टर फाइनल व सेमीफाइनल मैचों के विजेताओं के बीच फाइनल मैच 14 और 15 नवम्बर को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होंगे। आयोजन के दौरान भाग लेंगी नामचीन हस्तियां 'अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0' के फाइनल मैचों के दौरान केंद्रीय वन मंत्री एवं अलवर सांसद श्री भूपेंद्र यादव की अगुवाई में रेसलिंग सुपरस्टार श्री योगेश्वर दत्त, श्रीमती बबीता फोगाट, तथा कबड्डी सुपरस्टार श्री अनुप कुमार मुख्य आकर्षण के रूप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही, वन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव, तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ, तथा रामगढ़ विधायक श्री सुखवंत सिंह, पन्ना के राजपरिवार से महारानी श्रीमती कृष्णा कुमारी, तथा देश व प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों की नामचीन हस्तियां भी मौजूद रहेंगी। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव की सफलता के कारण इस वर्ष जिले के बच्चों में उत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जिससे गत वर्ष की अपेक्षा पंजीकरण में उल्लेखनीय वृद्घि हुई और इस वर्ष 50,000 से अधिक प्रतिभागी बच्चों ने अपनी प्रतिभा और जोश का प्रदर्शन किया।

### टोल प्लाजा पर अभियान के तहत की जा रही जागरूकता गतिविधियों को परखा

# जिला कलक्टर ने सडक़ सुरक्षा अभियान का धरातल पर लिया जायजा सड़क से लेकर स्कूल तक देखे रोड सेफटी मेजर्स के कार्य

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को 'सडक सुरक्षा अभियान' के तहत धरातल पर किये जा रहे क्रियान्वयन का प्रमुख सडकों, टोल प्लाजा व सडक पर स्थित स्कूलों का निरीक्षण कर जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने सडक़ सुरक्षा से जुड़ी हुई एजेन्सियों के अधिकारियों के दल के साथ एसएच-25, एनएच-248, महुआ टोल प्लाजा एवं इन सडकों पर स्थित स्कूलों का दौरा कर रोड सेफटी मेजर्स का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने महुआ खुर्द, ए.पी.एस. स्कूल सहित सडक पर स्थित स्कूलों के आस-पास की सडक पर किये गये सुरक्षात्मक उपायों का जायजा लिया। जिसमें रोड साईन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, स्पीड बै्रकर पर पेंट आदि मौक पर सही स्थिति में मिले। उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूल के आस-पास सडक सुरक्षा उपायों का सख्ती से पालना कराई जावें तथा स्कूल के आस-पास की झाडियों को हटावें।

उन्होंने महुआ टोल प्लाजा पर सडक सुरक्षा अभियान के तहत की जा रही जागरूकता गतिविधियों का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि अभियान के दौरान व उसके उपरान्त भी निरन्तर वाहन चालकों को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जावे जिसमें हेलमेट व सीट बैल्ट की उपयोगिता के बारे में समझाइश करे, रिफलेक्टर विहिन वाहनों पर रिफलेक्टर लगाये। सडक सुरक्षा से जुडे जागरूकता पैम्पलेट्स का वितरण करावे। अभियान के दौरान लगाये आई चौकअप कैम्प में चिन्हित किये गये वाहन चालकों के उपचार का फीडबैक लेवें तथा समय-समय पर इन कैम्पों का आयोजन करावें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के सभी टोल प्लाजाओं पर इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित करावे।

उन्होंने एनएच-248 का हनुमान सर्किल से बगड तिराये तक जायजा लेकर एनएचआई के सहायक अभियन्ता को पर स्लीप लेन की टूटी हुई रेलिंग को दुरस्त कराने, आवश्यकतानुसार साईन बोर्ड लगवाने, सडक की धुधली हुई व्हाइट लाइन पर पेंट कराने के निर्देश दिये। इसी प्रकार रिडकोर के पीडी को निर्देशित किया कि एसएच-25 पर मापदण्ड अनुसार स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड आदि को दुरस्त करावे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि मैन हाईवे से जुडने वाले इंटररोड पर मापदण्डों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनवायें। साथ ही वहां पर साईन बोर्ड स्पष्ट दिखाई देने वाले स्थान पर लगवाये जाये। इस दौरान पीडब्ल्यूडी की अधिशाषी अभियन्ता श्रीमती अल्का व्यास, रिडकोर के पीडी श्री पंकज मोदगिल, आरएसआरडीसी के पीडी श्री सतीश प्रजापत, एनएचआई के सहायक अभियन्ता श्री राहुल जागिंड सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## शिमला से ठंडी मैदानी इलाकों की रातें

### 25 शहरों का पारा 10 डिग्री से नीचे गिरा; -4.5 डिग्री तक लुढ़का ताबो का तापमान

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सुबह-शाम व रात के वक्त ठंड पड़नी शुरू हो गई है। राज्य के 10 शहरों का टेंपरेचर 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे और 3 जगह माइनस में चला गया है। ताबो का न्यूनतम तापमान सबसे कम माइनस (-4.5) डिग्री तक गिर चुका है। कुकुमसैरी का माइनस (-2.9) डिग्री और केलांग का माइनस (-3) डिग्री रह गया है। इस विंटर सीजन में पहली बार राज्य के 25 शहरों का पारा एक साथ 10 डिग्री से नीचे गिरा है। मौसम में आए बदलाव से अधिक ऊंचे क्षेत्रों के साथ साथ मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ती जा रही है। इससे शिमला से ज्यादा ठंड कांगड़ा, ऊना, मंडी, सोलन, हमीरपुर व बिलासपुर में पड़नी शुरू हो गई है। शिमला का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि प्रदेश के सबसे गर्म शहर ऊना का तापमान 8.5 डिग्री तक गिर चुका है। पालमपुर का पारा 5.0 डिग्री, मनाली का 2.7, सोलन का 5.3, कांगड़ा का 5.8, मंडी का 7.6, बिलासपुर का 9.0, हमीरपुर का 6.0 डिग्री तक रात का तापमान गिर चुका है।

प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.5 डिग्री नीचे चला गया है। पालमपुर के तापमान में सामान्य की तुलना में सबसे ज्यादा 5 डिग्री की गिरावट आने के बाद न्यूनतम पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस रह गया है।

## यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंची

### पाक की जासूसी का आरोप; हिसार सेशन कोर्ट ने कहा था- जांच में बाधा आ सकती है

बढ़ता राजस्थान

**हिसार (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने जमानत के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका लगाई है। ज्योति के एडवोकेट कुमार मुकेश का कहना है कि जल्द इस मामले में सुनवाई हो सकती है।

इससे पहले, 23 अक्टूबर को हिसार सेशन कोर्ट ने ज्योति की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही टिप्पणी की थी कि आरोपी की जमानत के बाद जांच में बाधा आ सकती है।

हिसार पुलिस ने यूट्यूब चैनल ट्रैवल विद जो चलाने वाली 34 वर्षीय ज्योति को 16 मई को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के कानून के तहत गिरफ्तार किया था। ज्योति? फिलहाल हिसार की सेंट्रल जेल में बंद है।

## बोत्सवाना की दो दिवसीय यात्रा पर राष्ट्रपति मुर्मू

### सस्ती भारतीय दवाओं तक आसान पहुंच समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छह दिवसीय अफ्रीकी देशों की यात्रा पर हैं। चार दिवसीय अंगोला यात्रा के बाद अब वे बोत्सवाना के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस क्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राजधानी गैबोरोन स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान बोत्सवाना गणराज्य के राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर यह जानकारी दी। इस बीच दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, रक्षा और डिजिटल प्रौद्योगिकी सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत भारत में चीता भेजने पर सहमति जताने के लिए राष्ट्रपति बोको और बोत्सवाना के लोगों का धन्यवाद किया।

बोत्सवाना के राष्ट्रपति ड्यूमा गिदोन बोको ने गैबोरोन स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने विस्तृत चर्चाओं में व्यापार और निवेश, कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, रक्षा और डिजिटल प्रौद्योगिकी सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

## गणेश गोदियाल उत्तराखंड कांग्रेस के नए अध्यक्ष

### दूसरी बार कमान संभालने वाले पहले नेता; 2022 में सोनिया गांधी ने लिया था इस्तीफा

बढ़ता राजस्थान

**देहरादून (एजेंसी)।** कांग्रेस हाईकमान ने उत्तराखंड में बड़े संगठनात्मक बदलाव करते हुए गणेश गोदियाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी ने 27 नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की और दो नई समितियां बनाई हैं।

प्रदेश संगठन ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह को कांग्रेस प्रचार अभियान समिति का अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन दोनों नेताओं को आने वाले चुनावों में पार्टी की रणनीति और प्रचार अभियान को दिशा देने की जिम्मेदारी दी गई है।

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि यह बदलाव संगठन सृजन अभियान का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने हर जिले में कार्यकर्ताओं से राय ली और वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद ये नियुक्तियां की गईं। इसका उद्देश्य कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना और आने वाले चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना है।

#### दो बड़े नेताओं के जिम्मे आई दो नई समितियां...

कांग्रेस ने संगठनात्मक बदलाव के तहत दो नई समितियां बनाई हैं। प्रीतम सिंह को कांग्रेस प्रचार अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इस समिति की जिम्मेदारी पार्टी के प्रचार अभियान की रणनीति तय करना और संदेश को प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाना होगा। वहीं, हरक सिंह रावत को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस समिति का काम विधानसभा चुनाव और अन्य चुनावों की तैयारियों का समन्वय करना और पार्टी संगठन को हर स्तर पर चुस्त बनाना होगा।

### मुख्यमंत्री ने ली प्रवासी राजस्थानी दिवस के संबंध में समीक्षा बैठक

# प्रवासी राजस्थानी दिवस पर राजस्थान की समृद्ध विरासत तथा बदलते हुए राजस्थान की दिखे झलक



## प्रवासी राजस्थानियों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश में विकास के नए आयाम होंगे स्थापित - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आगामी 10 दिसम्बर को जयपुर के जेईसीसी में प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रवासी राजस्थानी समुदाय से हमारा जुड़ाव और अधिक मजबूत होगा। यह आयोजन प्रवासी समुदाय और राज्य सरकार के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रवासी राजस्थानियों की सक्रिय भागीदारी से प्रदेश में निवेश, नवाचार तथा विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आगामी प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण राजस्थान देश में निवेश के नए केन्द्र के रूप में उभर रहा है। राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू में अब तक 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश में अभूतपूर्व औद्योगिक वातावरण तैयार करते हुए उद्यमियों के लिए हरसंभव मदद दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की अपनी विशिष्ट भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान है। पर्यटन, वन्यजीव, हवेलियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में राज्य ने विश्वभर में अपना अलग स्थान बनाया है। साथ ही, राज्य में ऊर्जा, पर्यटन, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम हो रहे हैं। ऐसे में इस आयोजन में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा बदलते हुए राजस्थान की झलक दिखाई जाए। साथ ही, कार्यक्रम में प्रवासियों के लिए राजस्थान की लोक-कला पर आधारित विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाए।

#### सफल आयोजन के लिए अधिकारी समन्वय से करें काम, नियमित करें बैठक

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने गत दो साल में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं, कार्यक्रम तथा नवाचार किए हैं। ऐसे में इस आयोजन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे निवेशक राज्य में निवेश के लिए आकर्षित हो सकें। उन्होंने कहा कि आयोजन के सफल संचालन के लिए उद्योग विभाग द्वारा नियमित बैठकें कर कार्यप्रगति की मॉनिटरिंग की जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि जयपुर में स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण एवं सड़कों की मरम्मत सहित विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

#### विभिन्न सेक्टोरल सेशन होंगे आयोजित, प्रवासी राजस्थानियों का होगा सम्मान-

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनआरआर दिवस के लिए विभिन्न सेक्टर्स के सेशन्स में विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही, प्रवासी राजस्थानियों को भी इस दौरान उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने प्रवासी राजस्थानी दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न सेक्टोरल सेशन, प्रवासी राजस्थानी सम्मान अवार्ड, प्रचार-प्रसार, सहित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने प्रवासियों के आगमन, स्वागत, ठहरने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि आयोजन को लेकर प्रवासी राजस्थानी बेहद उत्साहित हैं।

आयोजन में शामिल होने के लिए पंजीकरण शुरू होने से अब तक बड़ी संख्या में प्रवासी अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रवासी राजस्थानी दिवस पर उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा एवं जल जैसे विभिन्न विषयों पर सेक्टोरल सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिससे प्रवासियों को राज्य में उपलब्ध अपार संभावनाओं की पर्याप्त जानकारी मिल सके।

## राजस्थान के 3 शहरों में 35-ठिकानों पर इनकम-टैक्स की रेड

### भीलवाड़ा में रत्नाकर ग्रुप, सीकर में खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी और सालासर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन पर छापेमारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में जयपुर, सीकर और भीलवाड़ा में स्टील कारोबार से जुड़ी कंपनियों पर आयकर विभाग ने छापेमारी की। इन तीनों शहरों में 35 ठिकानों पर बुधवार सुबह से टैक्स चोरी को लेकर सर्च किया जा रहा है। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक, स्टील कारोबारी से जुड़ी कंपनियों में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को लेकर सूचना मिल रही थी। आयकर विभाग की टीमों ने जयपुर, सीकर और भीलवाड़ा में स्टील कारोबारियों के ऑफिस-घर के साथ ही उनसे जुड़े लोगों पर भी छापेमारी की। तीनों शहर में छापेमारी में आयकर विभाग की करीब 50 टीम लगी हुई है। जयपुर में 15 जगहों सहित सीकर और भीलवाड़ा में कुल 35 जगहों पर एक साथ रेड की गई। छापेमारी में करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी उजागर होने की उम्मीद जताई है।




#### सीकर में 2 कंपनियों पर छापा

**सीकर में इनकम टैक्स विभाग की टीमों ने खंडेलवाल ट्रेडिंग कंपनी और सालासर ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन पर छापा मारा है। इनकम टैक्स के 12 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी 4 गाड़ियों में सीकर पहुंचे।**

## आमेर फोर्ट से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का आगाज

### राज्यवर्धन बोले- ये लॉन्च नहीं लॉन्च-पैड है, 7000 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 की रंगारंग शुरुआत हो गई है। बुधवार शाम ऐतिहासिक आमेर फोर्ट के जलेब चौक में खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का लोगो, मैस्कॉट, एंथम, टॉर्च और जर्सी लॉन्च की।

समारोह को संबोधित करते हुए खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि यह शाम लॉन्च की नहीं, लॉन्च पैड की है। यह साल 2025 भारत के युवाओं के लिए कई सौगातें लेकर आया है। वंदे मातरम की 150वीं जयंती, सरदार पटेल की जयंती, हॉकी के 100 वर्ष और भारत की बेटियों द्वारा वर्ल्ड कप जीत, यह सब हमारे देश के गौरव के प्रतीक हैं।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से खेलो इंडिया के माध्यम से युवाओं में नई ऊर्जा आई है। अब राजस्थान इस आयोजन की मेजबानी कर गर्व महसूस कर रहा है।

राठौड़ ने बताया कि राजस्थान में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स होंगे। इनमें देशभर के करीब 200 यूनिवर्सिटी के 7,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। 24 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी। जिनमें इस बार कैनोइंग, कायाकिंग, साइक्लिंग और बीच वॉलीबॉल को भी शामिल किया गया है। दरअसल, खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2025 तक जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर और बीकानेर में किया जाएगा। जिसमें देशभर के 7,000 से ज्यादा प्रतिभागी (खिलाड़ी और स्टाफ) हिस्सा लेंगे। खेल विभाग के शासन सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया कि नए लोगो में राजस्थान की आत्मा को दर्शाने वाले तत्व जोड़े गए हैं।

## राजस्थान में 4 संस्कृत आदर्श वेद विद्यालय शुरू

### दिलावर बोले- संभाग स्तर पर करेंगे विस्तार, वैदिक पर्यटन को देंगे बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में संस्कृत शिक्षा के विस्तार के लिए रेवासा (सीकर) में संचालित आदर्श वेद आवासीय विद्यालय की तर्ज पर अब सरकार संभाग स्तर पर आदर्श वेद विद्यालय स्थापित करने का रही हैं। इसी कड़ी में पहले चरण में चार आदर्श वेद विद्यालय प्रारंभ हो गए हैं। संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।

मंत्री दिलावर ने बताया कि जयपुर के हाथोज में 20, बाड़मेर के तारातरा मठ में 40, अजमेर के पुष्कर में 4 और भरतपुर के ग्राम पीली में 6 विद्यार्थियों का प्रवेश हो चुका है। इन सभी विद्यालयों में वर्तमान सत्र में अध्ययन-अध्यापन जारी है। शेष संभागों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थियों को फ्री पाठ्य पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं।

मंत्री दिलावर ने बताया कि वेद विद्यालयों का संचालन अस्थायी भवनों में किया जा रहा है। जयपुर में राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, हाथोज में, अजमेर में पुष्कर स्थित राजकीय विद्यालय भवन में, बाड़मेर में तारातरा मठ, राजस्व ग्राम गोमरख धाम में भरतपुर में ग्राम पीली (तहसील नदबई) के राजकीय विद्यालय भवन में कक्षाएं संचालित हैं। अब दूसरे चरण में बीकानेर (आडसर बास, श्री डूंगरगढ़), उदयपुर (वल्लभनगर जनजातीय छात्रावास) और कोटा (देवली कला, चेचट) में भी संचालन शुरू होगा।



मंत्री दिलावर ने बताया- जिनके अस्थाई संचालन के लिए प्रत्येक विद्यालय को 16.97 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है, जिससे छात्रावास और क्लासरूम फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक विद्यालय में चार वेद शिक्षक और पांच विभागीय कार्मिकों की नियुक्ति की जा रही है। सभी सातों संभागों में वेद विद्यालयों की स्थाई स्थापना हेतु भूमि आवंटन भी प्राप्त हो चुका है। जहां जल्द ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

## संवैधानिक-संस्थाओं का धड़ल्ले से दुरुपयोग कर रही बीजेपी : पायलट

### निर्वाचन आयोग को आगे रखकर जिंदा लोगों को मरा दिखाया, हम इस मिलीभगत के विरोध में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने एसआईआर के मुद्दे पर बीजेपी और चुनाव आयोग पर तंज कसा है। पायलट ने कहा- भारतीय जनता पार्टी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग धड़ल्ले से कर रही है। बिहार के एसआईआर में निर्वाचन आयोग को आगे रखकर जिंदा लोगों को मरा हुआ दिखाया। मरे हुए लोगों के नाम जुड़वाए। एक मकान में 250 से ज्यादा वोट बनवाए और यह जो मिलीभगत का काम हो रहा है। इसके विरोध में हम सब लोग हैं। पायलट जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। पायलट ने कहा- एसआईआर में हम गड़बड़ी नहीं करने देंगे। हमने अपने कार्यकर्ताओं, नेताओं और विधायकों को कहा है कि क्षेत्र में जाएं। कोई गड़बड़ी की आशंका नहीं बने इसलिए हम सब धरातल पर जाकर जो फॉर्म है, जो मापदंड तय किए हैं, उसके आधार पर हम सभी ध्यान रखेंगे।



**राहुल गांधी ने वोट चोरी के प्रमाण दिए, इसके बावजूद जांच नहीं करवा रहा आयोग**-पायलट ने कहा- राहुल गांधी हरियाणा,महाराष्ट्र में हुई वोट चोरी के तथ्य और प्रमाण दे रहे हैं, इसे बावजूद निर्वाचन आयोग कोई जांच नहीं कर रहा। उल्टा राहुल गांधी से ही एफिडेविट मांग रहे हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार